# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

- लखनऊ से प्रकाशित
- मंगलवार, 28 जनवरी 2024
- मूल्य : ₹ 3.00

वर्ष: 14 • अंक : 01 • पृष्ठ : 12 • नगर संस्करण

• लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित

सफलता का 14वां साल







## खबरों में! कुछ खास हूं मैं



राकेश कुमार पाण्डेय
चेयरमैन/प्रधान सम्पादक

जब कोई अखबार साहस, समर्पण और सलीके से कोई बात कहे, तो आम जनमानस का अनन्य सहयोग भी उससे जुड़ ही जाता है। **कैनविज टाइम्स** ऐसा ही अखबार है, जिसने बीते 13 वर्षों में प्रतिदिन अपने एक-एक शब्द जनता के अधिकार की बात कहने में लगाया है। यही कारण है कि जन सामान्य ने इसे अपनी आवाज, अपना अधिकार, अपना प्रिय सहयोगी मानकर प्रेम दिया।

आज जबकि **कैनविज टाइम्स** अपने 14वें वर्ष की दहलीज पर है, तब अपने जन्म से लेकर अब तक का संघर्ष, सत्य और सफलता का एक पूरा सफर आंखों में लहरा रहा है। देश की उपलब्धि, जनता के लोक-पर्व, साहित्य, संस्कृति, कला, विज्ञान, समाज, धर्म, आस्था, विश्वास, विवाद, दंगा-फसाद, शोध, योजना, परियोजना आदि जो कुछ भी देश-दुनिया में घटित होता रहा, **कैनविज टाइम्स** उसे अपने विवेक के साथ अधिसंख्य जन-जन तक पहुंचाता रहा। अंततः हम अखबार के रूप में देश-दुनिया के लिए शब्द का एक पूरा संसार बन गए।

**कैनविज टाइम्स** ने कभी भी मात्र एक अखबार की तरह केवल सूचनाएं देने का काम नहीं किया, बल्कि यह इससे कहीं आगे जाकर एक धधकता हुआ शब्द-आंदोलन बना रहा। देश-प्रदेश का ऐसा कोई विषय नहीं, जिस पर **कैनविज टाइम्स** ने संपादकीय अग्रलेख में अपनी कलम न चलाई हो। वस्तुतः किसी अखबार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वह अपने अस्तित्व को जन-जन की आवाज से जोड़ दे। वह विद्वानों से लेकर जन सामान्य तक को इस बात का विश्वास दिलाए कि यदि आपको कुछ कहना है, तो हम हैं। **कैनविज टाइम्स** ने अपने होने का अर्थ इसी बात में ढूंढा कि हम पाठकों की कहन के सारथी बन जाएं। यही कारण है कि बीते 13 वर्षों तक **कैनविज टाइम्स** ने प्रत्येक दिन जनता की आवाज बनने में ही अपनी सार्थकता खोजी, और हमारे सम्माननीय पाठक बड़े गौरव के साथ प्रमाणित करते हैं कि हम इसमें सफल व सिद्ध भी हुए। हमने अपने लिए कभी कोई नकारात्मक भूमिका तय नहीं की। हम सदैव देश-प्रदेश-शहर-गांव यहां तक कि मजरे-टोलों तक की बात कहते हुए सबके विकास के लिए प्रतिबद्ध रहे। हम जितनी मुखरता से जनता की आवाज बने रहे, उतनी ही प्रखरता से नीति-नियंताओं से संवाद भी करते रहे। हमें यह कहते हुए गर्व है कि बीते 13 वर्षों की यात्रा निर्विवाद रही है। आज जबकि हम एक और वर्षगांठ मनाने जा रहे हैं, तो इस मंगल क्षण में हमारा वह संकल्प 13 वर्ष का हो रहा है, जो हमने अपनी पहली प्रति छपने पर लिया था। वह संकल्प हम आज फिर दोहराते हैं कि हम इसी तरह सजग, सचेत, संतुलित, संघर्षशील होकर साहस व सलीके के साथ सत्य को कहते रहेंगे। हम सदैव अपने देश-प्रदेश व जन-जन की मुखर-प्रखर आवाज बने रहेंगे। हम जनता के सुख-दुख में शामिल रहेंगे और शासन-प्रशासन को अमूल्य सलाह देते रहेंगे। आज 14वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक सुधी पाठक, विद्वान लेखक, बुद्धिजीवी सलाहकार और हर उस राही को मंगल प्रणाम, जो **कैनविज टाइम्स** की इस सुदीर्घ यात्रा का सहयात्री है।

प्रणाम।

## उत्तराखंड में लागू हुआ यूसीसी

### एसटी को छोड़कर, देश भर में रहने वाले प्रवासियों पर होगा लागू

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने सोमवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी। यह अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य साथ ही राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के निवासियों पर लागू होगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यूसीसी लागू करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में एसडीएम रजिस्ट्रार और ग्राम पंचायत विकास अधिकारी सब रजिस्ट्रार होंगे। जबकि नगर पंचायत तथा नगर पालिकाओं में संबंधित एसडीएम रजिस्ट्रार और कार्यकारी अधिकारी सब रजिस्ट्रार होंगे।




इसी तरह नगर निगम क्षेत्र में नगर आयुक्त रजिस्ट्रार और कर निरीक्षक सब रजिस्ट्रार होंगे। जबकि छावनी क्षेत्र में संबंधित मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), रजिस्ट्रार और रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर या सीईओ द्वारा अधिकृत अधिकारी सब रजिस्ट्रार होंगे। इन सबके ऊपर रजिस्ट्रार जनरल होंगे, जो सचिव स्तर के अधिकारी एवं इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन होंगे।

यूसीसी के परिपालन के संदर्भ में रजिस्ट्रार जनरल के कर्तव्य भी निर्धारित किए गए हैं। इसके अनुसार, यदि रजिस्ट्रार निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं कर पाते हैं तो मामला ऑटो फारवर्ड से रजिस्ट्रार जनरल के पास जाएगा। इसी तरह रजिस्ट्रार या सब रजिस्ट्रार के आदेश के खिलाफ रजिस्ट्रार जनरल के पास अपील की जा सकेगी, जो 60 दिन के भीतर अपील का निपटारा कर आदेश जारी करेंगे। इसके अलावा, रजिस्ट्रार का कर्त्तव्य, सब रजिस्ट्रार के आदेश के खिलाफ अपील पर 60 दिन में फैसला करना और लिव इन नियमों का उल्लंघन या विवाह कानूनों का उल्लंघन करने वालों की सूचना पुलिस को देना होगा।

● शेष पेज 11 पर

## ‘एक देश, एक चुनाव’ की बहस में हिस्सा लें युवा : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सभी चुनाव एक बार में कराने के मुद्दे पर चल रही राष्ट्रीय बहस में भाग लेने का आह्वान किया और आजादी के अमृत काल में देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। श्री मोदी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने राजधानी में एकत्रित भिन्न राजयों के कैडेटों को सोमवार को संबोधित करते हुए युवाओं को अनुशासन के महत्व को समझाते हुए उन्हें हमेशा राष्ट्र निर्माण में जुटे रहने की भी प्रेरणा दी। प्रधामंत्री ने इस वार्षिक एनसीसी-पीएम रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति हो, या देश... उसका सामर्थ्य तब बढ़ता है, जब वह अनावश्यक बाधाओं से पार पा लेता है। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि भारत में युवाओं के सामने रहीं अनेक बाधाओं को बीते 10 वर्षों में हमने हटाने का काम किया है। इससे युवाओं का और देश का सामर्थ्य बढ़ा है।

● शेष पेज 11 पर

## रामलला का दरबार बना यूपी आने वालों की पहली पसंद

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❑ वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में 10.68 करोड़ पर्यटक अधिक पहुंचे अयोध्या धार्मिक पर्यटन के
- ❑ क्षेत्र में प्रदेश की लंबी छलांग, 2024 में बढ़ गए 17 करोड़ पर्यटक
- ❑ अयोध्या के अलावा काशी, मथुरा और प्रयागराज आने वालों की संख्या में भी भारी इजाफा
- ❑ 2024 के आंकड़े जारी, यूपी भ्रमण और दर्शन को आने वालों की संख्या 65 करोड़ पार

लखनऊ। यूपी ने धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। वहीं यूपी आने वाले पर्यटकों के लिए रामलला का दरबार पहली पसंद बना हुआ है। पर्यटन विभाग द्वारा जारी वर्ष 2024 के आंकड़े बताते हैं कि 2023 की तुलना में अयोध्या 10.68 करोड़ पर्यटक अधिक पहुंचे। इसके अलावा काशी, मथुरा और प्रयागराज आने वाले पर्यटकों की संख्या भी खासी बढ़ी है। दर्शन और भ्रमण के लिए प्रदेश में 2024 में 65 करोड़ से अधिक लोग पहुंचे। खास बात यह है कि विदेशी सैलानियों की आमद भी इस दौरान बढ़ी है, जो करीब 23 लाख रही।

पर्यटन विभाग द्वारा जारी आंकड़े दर्शाते हैं कि यूपी के प्रति पर्यटकों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में लगभग 17 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। खास बात यह है बीते एक वर्ष में विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 7 लाख की बढ़ोतरी देखने को मिली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह का कहना है कि प्रदेश में वर्ष 2024 में कुल 64,90,76,213 पर्यटक आए, जबकि 2023 में कुल 48,01,27,191 पर्यटकों का आना हुआ था। इस प्रकार एक वर्ष में 16,89,49,022 की वृद्धि हुई। जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इसे धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयत्न किए जा रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि में रामलला विराजमान होने के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में तेज गति से वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में वहां कुल 16 करोड़ 44 लाख 19 हजार 522 श्रद्धालु पहुंचे, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 5 करोड़ 75 लाख 70,896 थी। काशी में वर्ष 2024 में 11 करोड़ 97743 श्रद्धालु आए, जबकि 2023 में कुल 10 करोड़ 18 लाख 67618 श्रद्धालु पहुंचे थे। इस प्रकार पर्यटकों की संख्या में 82 लाख 30125 की वृद्धि दर्ज हुई है। मथुरा में इस वर्ष 9 करोड़ 81788 श्रद्धालु पहुंचे, जबकि वर्ष 2023 में 7 करोड़ 79 लाख 27299 श्रद्धालु

● शेष पेज 11 पर


समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

एफ.पी.ओ. किसान संगठन में किसानों को जागरूक किया गया।

मो. इसामुद्दीन खान (सी.ए.)

चौधरी वर्मा एण्ड एसोसिएट्स
बैंक आफ महाराष्ट्रा के सामने
छावनी, पड़रौना, कुशीनगर
मो. नं. 8076814925





कार्यालय नगर पालिका परिषद खैराबाद सीतापुर

पत्रांक-71 / न0पा0परि0 खैराबाद — दिनांक 24-01-2025

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद, खैराबाद नगरवासियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए निवेदन करती है कि-

01. यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने में अपना सार्थक योगदान दें।
02. जन्म-मृत्यु की सूचना विलम्बतम 21 दिन के अन्दर दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
03. पॉलिथिन का प्रयोग निषिद्ध है। इसके स्थान पर जूट व कपड़े के थैले का प्रयोग करें।
04. नाला-नालियों व सड़क की पटरियों तथा सरकारी/ नजूल भूमि पर अतिक्रमण न करें।
05. पथ प्रकाश बिन्दुओं व जलकल की टोटियों को क्षतिग्रस्त होने से बचायें।
06. नाली, सड़क, जलापूर्ति, जलजमाव व साफ-सफाई संबंधी शिकायत टोल फ्री नं0 1533 पर या पालिका स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में करें।
07. अपने भवन के गृहकर जलकर, दुकान किराया व लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें। गृहकर-जलकर का भुगतान ऑनलाईन नगर पालिका परिषद खैराबाद की वेबसाइट https://www.khairabadnpp.in या https://ulbapp.in पर भी कर सकते हैं।
08. सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र की स्वीकृति के उपरान्त ही भवन का निर्माण करायें।
09. निरोगी काया हेतु अपने जीवन में योग, प्राणायाम व ध्यान को नियमित रूप से शामिल करें।
10. अपने भवन व प्लाट के खाली स्थानों पर पौधारोपण करें और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करें।
11. फास्ट फूड बीमारियों की जड़ है अतएव फास्ट फूड के सेवन से परहेज करें।





(प्रेम शंकर गुप्ता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
खैराबाद-सीतापुर

समस्त सभासदगण
नगर पालिका परिषद
खैराबाद-सीतापुर

(बेबी अभिषेक गुप्ता)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
खैराबाद-सीतापुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. रमाशंकर यादव
सीएचसी अधीक्षक
खैराबाद सीतापुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत शर्मा
प्रबंधक-नालंदा पब्लिक स्कूल खैराबाद सीतापुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवकुमार
प्रधान
ग्राम पंचायत रमुवापुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पल्लन सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत मिलिक

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंशू शुक्ला
प्रधान
ग्राम पंचयात कंदुवापुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
असलम अली
प्रधान
ग्राम पंचायत जाजपुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज राजवंशी
प्रधान
ग्राम पंचायत मछरेहटा

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव बालक यादव
प्रधान
गढी

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शायरा बेगम
प्रधान
ग्रामसभा जलालपुर
विकासखंड बिसवां
दिनेश वर्मा
ग्रा0पं0अधि0

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेन्द्र यादव
प्रधान
ग्रामसभा अहमदाबाद
विकासखंड बिसवां
विमल कुमार
ग्रा0पं0अधि0

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना देवी
प्रधान
ग्रामसभा गुरेरा
विकासखंड बिसवां
हिमाली पांडे
ग्रा0वि0अधि0

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संगीता देवी
प्रधान
ग्रामसभा भागीपुर
विकासखंड बिसवां
उदय प्रताप सिंह
ग्रा0वि0अधि0

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरैया फातिमा
प्रधान
ग्रामसभा भगवानपुर
माफ़ी विकासखंड बिसवां
हिमांशु सिंह
ग्रा0पं0अधि0

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनय कुमार लोधी
ग्राम विकास अधिकारी
कम्भरियाखुन
खून विकास खंड
सकरन सीतापुर।

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश तिवारी
खंड विकास अधिकारी
मछरेहटा - सीतापुर

समस्त जनपद वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज यादव
प्रधान
उमरापुर

# धूमधाम से निकली 311 सौभाग्यवती महिलाओं की भव्य मंगल कलश यात्रा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। श्री झुन्झुनू वाली दादी जी मित्र मण्डल की ओर से श्री झुन्झुनू वाली दादी डोली उत्सव की शुरुआत रविवार को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा महानगर स्थित श्री हनुमान मन्दिर से 311 सौभाग्यशाली महिलाओ द्वारा हाथों में मेंहदी सजाये, चुनरी की साड़ी में सजी महिलाएं सिर पर दादी नाम का कलश धारण किये जब निकली तो हर कोई देखते ही रह गया। जिधर कलश यात्रा निकली उधर दादी की जय जयकार हुई। यात्रा के स्वागत में जगह जगह पुष्प वर्षा हुई और साथ ही मंच से कलकत्ता से आये संजय शर्मा ने ''दादी का दरबार सुहाना लगता है'' ''म्हारी मैया झुन्झुनू वाली थारी जग में शान निराली'' गाया तथा भजन गायक पवन मिश्रा ने ''ओ पालन हारी, ओ मइया प्यारी, तुम्हरे बिन हमरा कोई नही'' ''तेरे जैसा कोई भी ना दादी, तू दीपक है हम सब है बाती...'' भजन सुनाया। सोलह श्रृंगार किये लाल चुनड़ी धारण किए हाथो में कलश और श्री दादी के भजनों का गुणगान करते हुए 311 सौभाग्यवती महिलाए कलश यात्रा में सम्मिलित होकर सुबह ग्यारह बजे गाजे बाजे साथ पाँच रथ पर सवार बाल रुपी झांकी देखते ही बन रहा था।

# प्रदेश में दस फरवरी से शुरू होगा फाइलेरिया रोधी अभियान

❒ रिफ्युजल कन्वर्जन पर आयोजित हुई राज्यस्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को रिफ्युजल कन्वर्जन पर आयोजित राज्यस्तरीय संवेदीकरण कार्यशाला में स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. आरपी सिंह सुमन ने कहा कि प्रदेश में 10 फरवरी से शुरू होने जा रहे फाइलेरिया रोधी अभियान मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन में 100 प्रतिशत कवरेज करने की कार्ययोजना बनानी है। इसके लिए दवा खाने से इनकार करने वाले लोगों को समझाकर दवा सेवन सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी एक ही लाइन दोहराए कि अगली पीढ़ी को बचाना है तो फाइलेरिया की दवा खाना है। पीसीआई इंडिया के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में डीजी बतौर मुख्य अतिथि




मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमें इस बार एमडीए राउंड में शामिल सभी 14 जिलों के 45 ब्लाक में माइक्रोप्लान बनाकर निगरानी तंत्र को मजबूत करना होगा। राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ एके चौधरी ने बताया कि एमडीए के पिछले राउंड में करीब 20 प्रतिशत लोगों ने दवा खाने से इनकार किया था। पिछले राउंड से सीख लेकर इस राउंड में सभी को स्वास्थ्य कर्मियों के सामने दवा खिलाना सुनिश्चित करना होगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक राष्ट्रीय कार्यक्रम डॉ अमित ओझा ने भी रिफ्युजल केसों पर ही ज्यादा ध्यान देने की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि अगर हम रिफ्युजल तोड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवा खिलाने में सफल रहे तो लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। पीसीआई इंडिया की वरिष्ठ निदेशक, फ़ाइलेरिया राजश्री दास एवं एसोसिएट निदेशक रणपाल सिंह ने रिफ्युजल के कारणों एवं उनके निवारण के बारे में विस्तार से चर्चा की। रिफ्युजल के प्रमुख कारणों में दवा सेवन का दुष्प्रभाव, दवा सेवन से जान का खतरा, सहयोग की कमी, फ़ाइलेरिया के खतरे के प्रति अनभिज्ञता, स्वास्थ्य की चिंता, उम्र को लेकर इनकार, दवा की गुणवत्ता पर अविश्वास एवं सरकारी दवाओं पर भरोसे की कमी जैसी चुनौतियाँ शामिल थी। कार्यशाला में जीएचएस से अनुज घोष, सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफार) के प्रतिनिधि सहित 14 जिलों के फाइलेरिया संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुंभ में आए बॉलीुड़ के मशहूर कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनी प्रयागराज । अरैल क्षेत्र में बॉलीवुड के प्रसिद्ध कोरियोग्राफर एवं फिल्म निर्देशक रेमो डिसूजा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ संगम में स्नान करने के लिए शुक्रवार देर रात नैनी अरैल पहुंचे त्रिवेणी होटल एंड रिजॉर्ट अराइवल सेक्टर 24 में रुककर उन्होंने एक अपने मित्र का बर्थडे भी सेलिब्रेट किया इस दौरान रेमो डिसूजा ने कहा कि बहुत दिनों से इच्छा थी महाकुंभ में आने की वह प्रयागराज पहली बार आए हैं और आगे यहां की दिव्यता और भव्यता को देखते हुए आगे प्रयागराज पर फिल्म भी बनाने की बात कही है। धमकी मिलने पर उन्होंने कहा ऐसी धमकियां मिलती रहती हैं मेल के जरिए धमकी मिली थी एजेंसियां उसे पर नजर बनाई हुई हैं।

# तीन अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर,14 रो-हाउस भवन सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बीकेटी क्षेत्र में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही तीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा चिनहट के नंदपुर में अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे 14 रो-हाउस भवनों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि किरन सहकारी आवास समिति द्वारा सीतापुर रोड पर बीकेटी तहसील के सामने लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसके अलावा राजकिरन व अन्य द्वारा सीतापुर रोड पर फौजी ढाबे के बगल में लगभग 4 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने दोनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि एसके त्रिपाठी व अन्य द्वारा बीकेटी में नबीकोट नंदना रेलवे क्रासिंग के बगल में लगभग 15 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन दल ने ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि एस बिल्डर्स द्वारा चिनहट के नंदपुर में लगभग 1000 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 10 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं लक्ष्मण सिंह व अन्य द्वारा लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर 4 रो-हाउस भवनों का निर्माण करवाया जा रह था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन निर्माण कार्यों को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा इस निर्माण कार्यों को सील कर दिया।

## युवक ने फंासी लगाकर दी जान

**मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोपाल खेड़ा निवासी विवेक सिंह ने रस्सी के सहारे फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली अपने बेटे को फंासी से लटकता देख मां ने पड़ोसियों को सूचना दी वहीं पड़ोसी आनंद फानन विवेक को फंदे से उतार कर नजदीकी पीजीआई ट्रामा सेंटर ले गए जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपाल खेड़ा निवासी निरंजन सिंह के छोटे लड़के विवेक सिंह उम्र लगभग 24 वर्ष ई रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था परिजनों ने बताया कि विवेक की गंभीर रूप से बीमार तीन माह बेटी का इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है रविवार की देर रात वह अस्पताल से अपने घर आया था और अपने कमरे में जाकर छत में लगे पाइप से रस्सी के सहारे फंदा लगाकर लटक गया वहीं देर रात लघु शंका के लिए उठी मां ने दरवाजा खुला देख अंदर झांका तो उसके होश उड़ गए और चिल्लाकर परिजनों को जगाया इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने शरीर में हरकत देख पड़ोसियों की मदद से विवेक को उतार कर निजी वाहन से पीजीआई ट्रामा सेंटर ले गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक विवेक के घर में पत्नी काजल तीन माह की बेटी खुशी व पिता निरंजन सिंह मां शशि सिंह बहन सरिता एवं बड़ा भाई विक्की है।

# अमांवा विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। क्षेत्र के अमांवा विद्यालय में लोकतंत्र को समर्पित देश का राष्ट्रीय पर्व 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में उपस्थित शिक्षकगणों ने झंडारोहण के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के साथ मां भारती व सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, इसके बाद विद्यालय में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय में मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक व क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख रामगोपाल सिंह चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह राजू, प्रधानाचार्य तीरथ लाल सोनकर, सुरेश सिंह चौहान, चंद्रभान सिंह चौहान एवं अन्य शिक्षकों ने गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तार से अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में आजादी के संघर्ष को नेतृत्व देने वाले



भारत माता के सभी महान सपूतों क्रांतिकारियों व बलिदानियों को नमन करने के साथ प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विद्यालय प्रबंधक रामगोपाल सिंह चौहान ने कहा कि आज के इस पावन अवसर पर हम सभी संविधान का पालन करते हुए एक सशक्त राष्ट्र हेतु दृढ़ संकल्पित हों वास्तव में हमारी आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर देने वाले क्रांतिकारियो एवं बलिदानियों को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नारायणपुर सहकारी समिति पर भी सचिव अभय सिंह की मौजूदगी में ध्वजारोहण कर प्रसाद वितरण किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर झूमे बच्चे मंत्र मुग्ध हुए लोग

**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री मती इन्दिरा गाँधी विद्यालय जगौती में गणतंत्र दिवस मनाया गया झण्डा रोहण विद्यालय के संरक्षक बृज विहारी मिश्र दरोगा जी ने किया बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर डा दिनेश कुमार सोनी प्रबन्धक अरूण कुमार मिश्र प्रधानाचार्य को राम मणि द्विवेदी दिपाशूं पाण्डेय अमित कुमार सपना विश्व कर्मा साक्षी उपाध्याय गंगा सिंह पवनेश कुमार सोनी अखबार बहादुर कुशवाहा नागेश पाण्डेय राज कुमार पटेल दरोगा आंगनबाड़ी केन्द्र जगौती में झण्डा रोहण आशा सोनी ने किया नन्हे मुन्ने बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया इस अवसर पर आशा सोनी किरन मिश्रा मंजू देवी आदि उपस्थित रहे ।

## एन टी पीसी कैम्प मे दिया जा रहा नि:शुल्क डिगरेडबल पालीथीन प्रदूषण मुक्त

**प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मेजा ऊर्जा निगम लिमिटेड द्वारा महाकुम्भ प्रयागराज मे अरैल घाट पुल नंबर 26 के निकट गढ्घ्ए मेजा द्वारा कैम्प कार्यालय स्थापित है हर रोज की भाति सोमवार को भी दूर दराज सें आ रहे लाखो करोड़ो श्रद्धांलुओं,स्नानार्थियों को नि:शुल्क बायो डिगरेडबल पालीथीन प्रदूषण मुक्त रहित एन टी पीसी कर्मचारियों द्वारा वितरित किया गया जिससे गीले कपड़े को रखने मे काफी सहूलियत श्रद्धालुओं मिलेगा साथ ही जनहित हितार्थ मे हमेसा एन टी पीसी द्वारा सहयोग कुछ न कुछ किया जाता रहता है ।

## पीएनबी ने मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पीएनबी ने रविवार को नई दिल्ली में अपने मुख्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। समारोह की शुरुआत पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अशोक चंद्र द्वारा बैंक के कार्यपालक निदेशकों, सीवीओ, सीजीएम और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई।

## अंतर्शाखीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन, 375 बच्चों ने किया प्रतिभाग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अंतर्शाखीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी शाखाओं से प्राइमरी कक्षा-2 और कक्षा-3 के 19 ग्रुपों से 375 बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि वरुण मिश्रा भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ एवं कॉलेज प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को विशिष्ट पुरस्कार व अन्य सभी नृत्य ग्रुपों के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## गरीब परिवार के मुखिया को मुंह का कैंसर

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज विकासखंड की सलेमपुर पंचायत में एक हृदयविदारक मामला सामने आया है। यहां के निवासी मोहम्मद सफीक, जो 7 सदस्यीय परिवार के मुखिया हैं, मुंह के कैंसर से गंभीर रूप से पीड़ित हैं। मजदूरी करके परिवार का पेट पालने वाले सफीक के लिए महंगा कैंसर इलाज असंभव सा हो गया है। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उनके इलाज के लिए एक लाख रुपये से अधिक का खर्च बताया है। इतनी बड़ी राशि जुटा पाने में असमर्थ होने के कारण वह बिना इलाज के घर लौटने को मजबूर हो गए। दुख की बात यह है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पाया है। साथ ही, पात्र होने के बावजूद आवास योजना से भी वंचित हैं। यह मामला स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसी स्थिति में यह चिंतनीय है कि आखिर कब तक गरीब मरीजों को सरकारी सहायता के लिए इंतजार करना पड़ेगा।क्या बोले जिम्मेदार इस मामले में जब स्थानीय सांसद आर. के. चौधरी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने पीड़ित के इलाज का एस्टीमेट बनवाकर अनुशंसा कराने की बात कही। एस.डी.एम. मोहनलालगंज ने स्थानीय जनप्रतिनिधि से लिखित अनुरोध पर पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि पात्रता की जांच के बाद सफीक को आयुष्मान कार्ड जारी किया जाएगा और आवास योजना के लिए भी निर्देशित किया जाएगा।

## इन इलाक़ो में रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को ठाकुरगंज डिवीज़न के सब स्टेशन राधाग्राम में बिजनेस प्लान के अंतर्गत उपकेंद्र के स्विच यार्ड में एंटी काईट नेट लगाया जायेगा। अधिशाषी अभियंता दीपक कुमार ने बताया की विभाग द्वारा एंटी काईट नेट लगाने के कारण उपकेंद्र से पोषित सभी क्षेत्र में 28 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आशिक अथवा पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

## प्रदेश कार्यालय पर हुआ झंडारोहण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर वेलफ़ेयर एसोसिएशन के प्रदेश कार्यालय पर झंडारोहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप सचिव शिक्षा विभाग आनंद सिहं ने झंडारोहण किया। इस मौके पर चेयरमैन पवन तलवार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय मल्होत्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू, नगर अध्यक्ष कीर्ति चौधरी, नगर महामंत्री ऋतिक जायसवाल, संगठन मंत्री महेश शर्मा, पाल संधू सोनल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार मौजूद रहे।

## जलकल के खुले चैंबर में गिरा मोटरसाइकिल सवार

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम में जलकल विभाग की लापरवाही लोगों के लिए लगातार मुसीबत साबित हो रही है। जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य को ठीक ढंग से नहीं निभा रहे हैं और खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर निगम जोन 6 के वार्ड अंबरगंज में कैंपलरोड स्थित गुलाब नगर में बाजपेई पुरी वाले के पीछे मोहल्ले में तिकुनिया पार्क के पास रोड किनारे जलकल विभाग के एक साथ दो चेम्बर खुले हुए पड़े हैं इन खुले हुए चेंबर में गिरकर अक्सर राहगीर घायल होते रहते हैं। यहां पानी सप्लाई की लाइन में विभाग द्वारा एक चैंबर बनाकर चाबी लगाई गई है जिससे समय समय से प्रेशर को कम ज्यादा किया जाता है। संबंधित अवर अभियंता की लापरवाही के चलते इस खुले हुए चेंबर के ऊपर ढक्कन भी नहीं रखे गए है। जिस कारण यहां से गुजरने वाले राहगीर अक्सर इसमें गिर कर घायल होते रहते हैं। सोमवार शाम को भी मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवक खुले हुए चेंबर में गिरकर घायल हो गए हादसे में मोटरसाइकिल का हैंडल क्षतिग्रस्त हो गया तथा युवकों को भी कुछ चोट आई जिनको स्थानीय लोगों ने मदद कर इस गड्ढे से बाहर निकाला।

## हर एक शख्स को गंगा मां का लेना चाहिए आशीर्वाद: नीरज गुप्ता

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज स्थित महाकुंभ में मेले में लगातार श्रद्धालुओं का पहुंचना बदस्तूर जारी है। अबतक करोड़ों श्रद्धालु गंगा मां का आशीर्वाद ले चुके हैं। सोमवार सुबह राजधानी लखनऊ के कस्बा चिनहट निवासी चिनहट एल्डिको व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने अपने साथियों के साथ संगम में डुबकी लगा गंगा मां से आशीर्वाद लिया। जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने स्नान करने के बाद कहा कि हर एक व्यक्ति को गंगा में स्नान कर मां गंगा आशीर्वाद लेना चाहिए। महाकुंभ मेले में मौजूद व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने फोन पर बातचीत करने के दौरान बताया कि से बातचीत कि इस बार महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की जिस तरह से भीड़ देखने को तो इससे लगा कि गंगा मां के प्रति श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक चाहत है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ का पर्व 12 साल के बाद आता है, लिहाजा हर व्यक्ति को यहां आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी परंपराओं और संस्कृति को दर्शाता है।

# पीडीए चौपाल का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सरोजनीनगर-लखनऊ। सोमवार को सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र के अमौसी सेक्टर के हड़ाइन खेड़ा गांव में सेक्टर प्रभारी विजय यादव द्वारा पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने किया। पीडीए चौपाल में मुख्यरूप से पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव, जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, सांसद प्रतिनिधि बचान सिंह यादव, वरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव, ने अपने अपने विचार रखे, अपने सम्बोधन में जिला महासचिव शब्बीर खान ने कहा जिस तरीके पीडीए के जननायक माननीय अखिलेश यादव ने जिस तरीके से पीडीए समाज को एकजुट करके 2024 के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिला कर समाजवादी पार्टी को देश की सबसे बड़ी तीसरी पार्टी बनाई है उसी तरह 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए समाज को एकजुट कर के प्रदेश से जन विरोधी सरकार को हटा कर प्रदेश में समाजवादी विचारधारा की सरकार बनाई जा सकती है। इस अवसर पर व्यापारी नेता संजय यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला महासचिव अनवर अंसारी, सतीश यादव, विनय यादव, सजीवन यादव, बेचा लाल,बाबू लाल गौतम, अजीत धीमान, लाल बहादुर, गया प्रसाद, अमन यादव समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी तथा अर्ध सरकारी संस्थानों एवं विद्यालयों में फहराया गया तिरंगा,दी सलामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। नगराम क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सरकारी , अर्थ सरकारी कार्यालय , शिक्षण संस्थान व प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। वही कई विद्यालयों में प्रभात फ़ेरियां भी निकाली गई। गणतंत्र दिवस पर थाना नगराम में कार्यवाहक प्रभारी मो. नाजिम खान ने ध्वजारोहण कर सलामी दी , सीएचसी में प्रभारी अधीक्षक राजेश कुमार आदि के अलावा विभिन्न बैंकों व अन्य संस्थानों में सुबह ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर छतौनी स्थित शिव नंदन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य स्वरूप चंद्र मिश्रा द्वारा प्रभातफ़ेरी निकाली गई और ध्वजारोहण कर सलामी दी, हरदोइया बाजार स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन प्राईमरी व इंटर कालेज में ध्वजारोहण प्रधानाचार्य द्वारा किया गया, इस बीच छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत गाने के साथ भारत माता की जय, हाथ में तिरंगा



लहराते जयकारा लगा रहे थे। गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने तिरंगा फहराया और देशभक्तों को याद करते हुए तिरंगा सलामी दी। वही खरगापुर अनैया में करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे बारात घर में हरिकृष्ण भारद्वाज द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वही करोरा स्थित पंचायत घर में प्रधान सुधीर विश्वकर्मा , नीरज त्रिवेदी , दीपक तिवारी ने तिरंगे को सलामी देकर बीर सपूतों को याद किया , सलेमपुर अचाका में प्रधान विकास पटेल द्वारा विभिन्न विद्यालयों में समिति पर सुभाष गुप्ता के द्वारा ध्वजारोहण किया गया , समेसी के ग्राम प्रधान अशोक कुमार द्वारा पंचायत घर समेत विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। वही निगोहा क्षेत्र के उतरांवा प्रधान भोला नाथ द्वारा पंचायत घर व विभिन्न जगहों ध्वजारोहण किया गया।

# सीपीएल पब्लिक इंटर कॉलेज में देशभक्ति के माहौल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। क्षेत्र के लक्ष्मणपुर स्थित सीपीएल पब्लिक इंटर कालेज में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान व सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। छात्रों ने देशभक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने 'मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे मोती... बड़े ही मनमोहक ढंग से दिखाया जिसे देख सभी भावुक हो गए , इसी क्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा (आजादी का सफर) नाटक प्रस्तुत किया गया , जिसे देख लोगों की आंखें नम हो गई । विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने बताया पूर्व में कराए गए प्रतियोगिता हिंदी , अंग्रेजी निबंध , जीके , रंगोली कला समेत मेहंदी प्रतियोगिता हुई थी जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में आए छात्र छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया , निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रही सुहानी वर्मा , मेहंदी में प्रथम रही अंजली पटेल और जी.के में प्रथम रही अल्का पटेल प्रतियोगिता में प्रतिभा लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने शुभकामनाएं दी। विद्यालय में आए अतिथियों का प्रधानाचार्य ने बुके व माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं अभिभावक गण मौजूद रहे।

## सिटी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस, देशभक्ति कार्यक्रमों पर छात्र छात्राओं ने दी शानदार प्रस्तुति

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिकनिक स्पॉट रोड इन्दिरा नगर स्थित सिटी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें इस मौके पर स्कूल के बच्चों के द्वारा देशभक्ति कार्यक्रमों पर शानदार प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस सभी देशवासियों के लिए गर्व का मौका है जिसे हम सबको मिलकर धूमधाम के साथ मनाना चाहिए। एकेडमिक हेड जारा हुसैन ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेने वाले तमाम छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों से लिखा गया है जिसमें तमाम स्वतंत्रता सेनानी और वीर जवानों का संघर्ष शामिल है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल बिट्टो अग्रवाल, हेड ऑफ ऐकेडमिक अफ़ेयर जारा हुसैन व हेड सीबीएससी व एडमिन निशांत जयसवाल समेत स्कूल के तमाम प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आई टी बीटी ने तिरंगा फहराया , परेड को दी सलामी

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलाल गंज क्षेत्र के जैती खेड़ा स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया , इस दौरान प्रांगण में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उप महानिरीक्षक लखनऊ आर.पी.एस. रघुवंशी ने ध्वजारोहण के साथ परेड की सलामी देकर उपस्थित बल के सभी जवानों को 76वे गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

# पारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज़ाहिर किया दु:ख

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंशी पुलिया स्थित संगठन के कार्यालय पर झंडा फहराया। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष डीके सिन्हा ने कैनविज टाइम्स के संवाददाता से बात करते हुए देश, संविधान और कर्तव्यों पर बातचीत की।

उन्होंने देश और संविधान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हमें सिर्फ अपने अधिकारों पर ही फोकस नहीं करना चाहिए बल्कि देश के प्रति कर्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। डी के सिन्हा ने आगे कहा कि व्यापारी एसोसिएशन चाहता है

कि सरकार उसके मुद्दों पर ध्यान दे और उनके लिए पेंशन, इंस्योरेंस आदि सुविधाओं का ख्याल रखे।

उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी में व्यापारी एसोसिएशन ने आगे बढ़-चढ़कर समाज सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। और आगे भी यह संगठन सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा। इस कार्यक्रम के अवसर पर पीजीआई के सीनियर चेस्ट फिजिशियन डॉ. शिवसागर गुप्ता, लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव विकास मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष एस. के. श्रीवास्तव, प्रदेश संयुक्त मंत्री अकील अहमद, प्रदेश प्रवक्ता आनंद श्रीवास्तव, प्रदेश मीडिया प्रभारी सिंह सुनील सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता, प्रदेश सचिव संतोष श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव रवि राकेश सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री जेपी श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष चित्रांशु राय, नगर उपाध्यक्ष बंटी तिवारी, नगर मीडिया प्रभारी निजामुद्दीन हाशमी, ट्रांस गोमती अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, ट्रांसगोमती महासचिव महेंद्र मिश्रा, योगा टीचर मधु संतोष, एडवोकेट प्रशांत सिंह, एडवोकेट के. डी. शुक्ला, एडवोकेट पी के शाक्य, एडवोकेट डीके यादव, तपन,एस.बी.के. प्रसाद अनिल पांडे, तिवारीगंज इकाई के अध्यक्ष अभिनंदन शाह, प्रेम सिन्हा, सुख व्यापार मंडल के संरक्षक के. के. टंडन, महासचिव संजय खुराना, हरमीत भसीन, सुनील वर्मा, रविकांत यादव, संतोष मिश्रा, पूर्णेन्दु प्रधान, अनिरुद्ध, सहित अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# भड़ौली कांड में शामिल 10 हजार इनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन सीतापुर। करीब 19 दिन पूर्व घर मे घुसकर चोरी करने के प्रयास में हुई मारपीट, हत्या के सम्बंध में पुलिस ने एक वांछित 10 हजार के इनामिया अभियुक्त को अवैध असलहा मय जिंदा कारतूस व मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्त पर महिला अपराध, चोरी आदि जैसे करीब दर्जन भर गम्भीर धाराओं में अभियोग दर्ज हैं। थाना क्षेत्र सकरन के अंतर्गत भड़ौली मजरा लखनियापुर में बीते 8 जनवरी को करीब चार बदमाश चोरी करने के इरादे से वेदप्रकाश के घर मे घुसे। इसी दौरान आहट होने पर वेदप्रकाश व उसके भाई फुद्दी यादव जग गए और एक चोर को पड़ोस के गन्ने के खेत मे पकड़ कर मारपीट करने लगे तभी बदमाशों ने अपने बचाव में फायर झोंक दी, जो वेदप्रकाश के जाकर लगी। तबतक शोर सुनकर ग्रामीण आ गए और पकड़े गए बदमाश को पीट पीट कर मार डाला। जिसके सम्बन्ध में फुद्दी यादव ने 9 जनवरी को थाना सकरन पर करीब चार अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी व मारपीट से सम्बंधित अभियोग दर्ज कराया था। इसी क्रम में सकरन पुलिस की सक्रियता के चलते उपरोक्त घटना में शामिल एक अभियुक्त को जेल भेज चुकी थी, जिसके बाद समय बीतने पर पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र ने इसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10 हजार का इनाम घोषित किया था। बीते सोमवार को थाना क्षेत्र के गड़ौसा के अंतर्गत चौका बैरियर पुल से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम सर्वेश पुत्र लालाराम निवासी नयापुरवा मजरा हरदी गुदरिया थाना धौरहरा जनपद खीरी बताया। जिसके पास से एक 315 बार अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक मिस कारतूस व एक प्लेटिना मोटरसाइकिल बरामद हुई है। ये काफी समय से वांछित चल रहा था। पकड़े गए अभियुक्त उपरोक्त पर सम्बंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष सकरन कृष्ण कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामनरायण द्विवेदी, मुख्य आरक्षी घनश्याम यादव व रवि प्रकाश यादव, मनोज कुमार पाल, सचिन कुमार आदि शामिल रहे।

# चंद्रमौली आश्रम पर सुन्दर काण्ड का पाठ कर के तहरी भोज का आयोजन किया गया ,लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पहला, सीतापुर। जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत कोरार के रमनगरा गांव क्षेत्र में स्थित चंद्रमौलि आश्रम पर 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ उत्सव पर आश्रम की ओर से सामूहिक रामचरितमानस के सुन्दरकाण्ड का पाठ कर के तहरी भोज का आयोजन किया गया । इस शुभ अवसर पर कानपुर, लखनऊ, सीतापुर, महमूदाबाद और सिधौली आदि क्षेत्रों से कई गणमान्य लोग वहां पर पधारे और बाबा श्री चंद्रमौलि महादेव जी के दर्शन करके तहरी को प्रसाद के रूप में प्राप्त किया । संस्था के सचिव मुकेश मिश्रा ने आश्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 26 वर्षों से गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें बच्चे विशेष रूप से आनंद उठाते है । उक्त आश्रम पर सनातन धर्म एवं मनोरंजन के मिश्रण की सेवा करी जा रही है । अध्यात्म के लिए बाबा भोलेनाथ जी का धाम है। और स्वस्थ मनोरंजन के लिए खेलने हेतु छोटा सा स्विमिंग पूल, आउटडोर /इंडोर खेल खेलने की व्यवस्था है । आश्रम पर हरे भरे स्वच्छ वातावरण में योग और ध्यान लगाने की उचित व्यवस्था है । आश्रम पर 24 या 48 घंटे के प्रवास के दौरान कोई भी व्यक्ति खुद को तनाव, अवसाद जैसी बिमारियों से खुद को मुक्त करके प्रकृति से रिचार्ज कर सकता है । समाज सेवा के मुख्य उद्देश्य के साथ धीमी गति से आश्रम अपनी सेवाओं में विस्तार कर रहा है । साथ ही अध्यात्मिक क्रियाओं के साथ आश्रम खुद को अध्यात्म के केंद्र के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। और यहां आने वाले समय में आश्रम से कन्याओं के विवाह, मुंडन, जन्मदिवस इत्यादि मांगलिक उत्सावों के आयोजन किये जायेंगे । इस दौरान वहां पर उक्त संस्था के सचिव मुकेश मिश्रा, सहयोग छात्र शिक्षा समिति के प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, सहकोषाध्यक्ष ओमकार सिंह यादव , मनोज पासवान, सदरावां ग्राम प्रधान अनुज कुमार यादव , सत्यम पटेल , जसवंत ,मंजीत यादव , ए के विश्वकर्मा, सुरेंद्र वर्मा , कुलदीप कुमार आदि समेत इलाके के सम्मानित गणमान्यगण भी उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मना 76वें गणतंत्र दिवस का पर्व

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आज 76वें गणतंत्र दिवस का पर्व आर.जे जे एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल ने ध्वजारोहण कर सभी को इस पावन पुनीत पर्व की बधाई दी। तत्पश्चात विद्यालय व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस ने छात्र छात्राओ को पर्व के बारे मे जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल व उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव ने सभी को पर्व की बधाई दी। विद्यालय से एक प्रभातफ़ेरी भी निकाली गई जिसमे बच्चो ने देश भक्ति से ओतप्रोत व भारत माँ की जय के नारे लगाऐ। कार्यक्रम मे विद्यालय संस्थापक जगदीश जयसवाल सहित सभी शिक्षक,शिक्षिकाऐ ,बच्चे व समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व

**नैमिषारण्य सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आपको बताते चले जैसा की 76वें गणतंत्र दिवस का पावन पर्व था ।इस मौके पर हर प्राथमिक विद्यालय ततरोई हर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम मनाया गया । वही आज ततरोई के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट गान गाया गया एंव शहीदों के नामों के नारे लगाए गए मनाया इस मौके पर प्रधान रन्जीत रावत उदन रावत बाबू रमाकान्त गुप्ता सदस्य गण व समस्त सम्मानित जनता मौजूद रही /इसी क्रम के चलते ग्राम ततरोई के प्राथमिक विद्यालय के मास्टर राशिद खां ने भी झंडा फहराने के पश्चात मिष्ठान्न वितरण के बाद अवकाश कर दिया अन्य प्रोग्राम प्रस्तुत किया शिक्षक अध्यापक, व अध्यापिका गण आदि क्षेत्रीय लोग व पत्रकार उपस्थित ।होकर विद्यालय में हो रहे बच्चों के मनमोहक प्रोग्राम का आयोजन किया गया वहीं प्रधानाध्यापक राशिद खां विद्यालय मेंगणतंत्र दिवस पर संविधान के मूल सिद्धान्तों स्वतंत्रता, समानता और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बन्धुता पर अमल करने का संकल्प , के बारे में बताया गणतंत्र दिवस सभी नागरिकों को सर्वोच्च पद तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। संविधान में हमें स्वतंत्रता, समानता एवं बधुत्व तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय प्रदान करता है, जिससे सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते है। हमें संविधान द्वारा दिये गये इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को निष्ठापूर्ण ढंग से निभाना होगा।उसके बाद कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया , कार्यक्रम समापन के तत्पश्चात मिष्ठान वितरण भी किया गया ।

## पेयजल लाइन बिछाने को खोद दी सड़क नही करा रहे मरम्मत

**नैमिषारण्य मिश्रिख सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जल जीवन मिशन के तहत गांवो मे पाइप लाइन बिछाई गई थी रास्ते की खुदाई कर पाईप तो डाली गई लेकिन इसके बाद मरम्मत नही की गई इससे ग्रामीणो को आवागमन मे दिक्कत हो रही है पिछले माह जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के निर्देश किया था रास्तो व गलिया मे पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए स्थानो की मरम्मत कराए इस के बाद भी जल जीवन मिशन ठेकेदार मरम्मत नही करा रहे इस कारण राहगीर व स्कूली बच्चो को चोटिल हो रहे जल जीवन मिशन के आधिकारी भी समस्या के प्रति गम्भीर नही। ग्राम पंचायत ततरोई मे जल जीवन मिशन से पाइपलाइन डाली गई थी इसके बाद रास्तो की मरम्मत आज तक नही की गई पक्के रास्ते व कच्ची गलिया क्षतिग्रस्त है लोगो का आवागमन प्रभावित होता है फिर भी समस्या को अनदेखा किया जा रहा है प्रधान जी उदन रावत ने बताया ठेकेदार इसमे लापरवाही कर रहे उदन रावत ने बताया कि मेन रास्ता है जो तीन चार स्कूल पडते है बच्चो को आवागमन मे दिक्कत होती है राहगीरो को काफी समस्या होती है कई गांवो की बहुत दिक्कत होती है

## गणतंत्र दिवस के मौके पर भाकियू जनमंच ने बच्चों को पुरुस्कृत कर किया सम्मानित

**सकरन(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द के मजरा बाछेपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारतीय किसान यूनियन जनमंच के संगठन मंत्री राममिलन यादव ने बच्चों को पुरुस्कृत कर सम्मानित करते हुए हौसला अफजाई करते हुए भविष्य की मंगल शुभकामनाएं दीं। पुरुस्कार पा छोटे छोटे मासूम बच्चों के चेहरे खिल उठे,इस अवसर पर भाकियू पदाधिकारी सुशील राज ब्लॉक अध्यक्ष, रेशू भार्गव जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा,लवकुश भार्गव सहित गांव के संभ्रांत जनों के साथ अभिभावक व समस्त अध्यापक स्टाफ मौजूद रहा।

## पलिया के आँख अस्पताल में चोरी, 6 बैट्रे सहित 5,000 नगद उड़ा ले गये चोर लूट व चोरी की घटनाओं से बेहाल नागरिक, पलिया पुलिस के चुनौती बनें शातिर चोर

**पलियाकलां-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में लगातार हो रही लूट व चोरी को घटनाओं से बेहाल पलिया कोतवाली क्षेत्र के नागरिक खासे भयभीत हैं। बेख़ौफ़ चोरों ने आम नागरिकों के अब सरकारी भवनों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पलिया पुलिस चौकी से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर स्थित सीतापुर आँख अस्पताल के भवन से दिनाँक 22 जनवरी को ताला तोड़कर पाँच किलोवाट के 06 बैटरे सहित 5,000 नगद उठा ले गये हैं। अस्पताल के प्रभारी द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज करने की जगह पीड़ित को टरकाना आरम्भ कर दिया। इससे पूर्व कोतवाली में लुटेरे के साथी द्वारा वादी पक्ष को धमकाने, एक सिख फार्मर के साथ मारपीट कर उसकी पगड़ी लूटने,मोहल्ला बाजार में एक दुकान की टीन काटकर इन्वर्टर बैटरा चोरी करने,दुधवा रोड़ के पास बनगवा निवासी एक मकान का ताला तोड़कर चोरी करने जैसी अन्य घटनाओं को पुलिस दबाने में का प्रयास कर रही है।

## 76वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित

**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देश भर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत माहौल देखने को मिला तहसील क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, सरकारी व गैर-सरकारी चिकित्सालय, थाना, ब्लॉक और निजी प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज बड़े ही आन-बान और शान से फहराया गया। इसी क्रम में ब्लाक बांकेगंज ग्राम पंचायत जलालपुर के ग्राम जगन्नाथपुर संविलियन विद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस को बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया जिलामंत्री भाजपा युवा मोर्चा लखीमपुर खीरी हर्षल त्रिपाठी भोलू ने ध्वजारोहण किया राष्ट्रगान के साथ सिविलियन विद्यालय का पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया, आए हुए अतिथियों ने अपने अपने सम्बोधन में बलिदानियों को याद करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए सुधा मिश्रा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताते हुए कहा 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज के ही दिन हमारा संविधान लागू हुआ था इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला यह हम सभी के लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि आज हम भारत के संविधान का 76वां गणतंत्र महोत्सव मना रहे हैं। हमारा संविधान सबसे मजबूत : हर्षल त्रिपाठी भोलू भाजपा युवा नेता हर्षल त्रिपाठी भोलू ने कहा कि क्रांतिकारियों, वीरों के बलिदान और ख्याति प्राप्त मार्गदर्शकों के बूते हमारा संविधान तैयार हुआ है दुनिया का सबसे श्रेष्ठतम संविधान हैं। इसकी रक्षा व पालन करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। गणतंत्र की महत्ता नागरिकों से निहित है हमें देश को विकसित मजबूत बनाने के लिए सदैव एकजुट रहना चाहिए इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला वोट देने का जो अधिकार आज देश में किसी अमीर को है, वही अधिकार एक गरीब व्यक्ति को भी है। संविधान में समाज के कमजोर वर्गों, पिछड़े लोगों और अनुसूचित जाति के लोगों के उत्थान के लिए जो व्यवस्थाएं की है वह भी बाबा साहेब की देन है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने इतिहास और यहां की संस्कृति का पूरे विश्व में परचम लहरा रहा है वही आज उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सफल मार्गदर्शन में तीर्थराज प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में विश्व भर से आ रहे श्रद्धालु मोक्षदायिनी मां गंगा में डुबकी लगा रहे हैं भारत की संस्कृति और संविधान सभी को एकता के सूत्र में पिरोने का काम कर रहा है।

## बिसवां शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय एल्पिस ग्लोबल में 76हवां गणतंत्र दिवस अन्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इस राष्ट्रीय महापर्व के पुनीत अवसर पर श्री मुदित सिंघल व श्री अनुज सिंघल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हुए अपने सम्बोधन में गणतंत्र की महत्ता व देश की एकता व अखण्डता को सुदृढ़ बनाने पर प्रकाश डाला तथा इसी सुअवसर पर रेडिको संस्था द्वारा आयोजित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम सीतापुर में दौड़ प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों रुश्दा फुरकान,अदिति यादव,माही यादव, गुरसिमरन कौर अंशिका त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र व टैबलेट देकर सम्मानित किया गया तथा 20 नवम्बर को सीतापुर में ही आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग बांलीबांल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों रुश्दा फुरकान,हिबा अंसारी, गुरसिमरन कौर,माही यादव,जैनब फुरकान, अमृता वर्मा, ऐमन फराह को मेडल व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

# बिसवा बार एसोसिएशन के सदस्य इन्द्रपाल वर्मा गुम शुदा बच्चों की बरामदगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां ( सीतापुर) । अधिवक्ता व बिसवा बार एसोसिएशन के सदस्य इन्द्रपाल वर्मा गुम शुदा बच्चों की बरामदगी के संदर्भ में किए जा रहे क्रमिक अनशन को बिसवा बार एसोसिएशन एवम बिसवा लायर्स एसोसिएशन दोनों बार एसोसिएशन ने समर्थन दिया। दो गुमशुदा बच्चों की तलाश में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर शुरु हुआ क्रमिक अनशन सोमवार को पूर्व सूचना पर ज्यो ही अमरण अनशन में परिवर्तित हुआ कि प्रशासन में हड़कंम मच गया। अमरण अनशन पर पहुचे उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने बात की और जूस पिलाकर 15 दिन के अंदर दोनो बच्चों की बरामदगी का अस्वाशन देकर अमरण अनशन कर रहे अधिवक्ताओं को जूस पिलाकर अमरण अनशन समाप्त कराया। बताते चले शायरीन और कार्तिक की बरामदगी के लिए बिसवां के तीन अधिवक्ता इंद्रपाल वर्मा, क्षितिज मिश्रा एवं नईम अंसारी बिसवां तहसील स्थित शहीद पार्क में बीती 23 जनवरी से क्रमिक अनशन पर बैठे हुए थे। प्रशासन द्वारा इस क्रमिक अनशन की कोई सुध न लेने और गुम हुए बच्चों की बरामदगी को लेकर कोई वार्ता और आश्वासन न मिलने के कारण इंद्रपाल वर्मा,क्षितिज मिश्रा एवं नईम अंसारी आदि सोमवार से आमरण अनशन पर बैठे गए। इससे अभी तक खामोश रहा पुलिस और प्रशासन सक्रिय हुआ और आमरण अनशन पर आकर पुलिस ने गुम हुए बच्चों के बारे में अपनी छानबीन और सक्रियता के बारे में बताया। इसी बीच उपजिलाधिकारी मनीष कुमार भी धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने आमरण अनशन कर रहे अधिवक्ताओं से वार्ता की। बच्चों की बरामदगी के संदर्भ दो टीम गठित कर दी गई है, जो अपना कार्य कर रही हैं,15 दिन के अंदर बच्चों की बरामदगी का प्रयास कराया जायेगा।यह आश्वासन देकर तीनों एडवोकेट इन्द्र पाल वर्मा, क्षितिज मिश्रा,नईम अंसारी को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस अवसर पर रविन्द्र नाथ सिंह,अशोक पुष्प,बिसवा बार एसोसिएशन सचिव नीरज श्रीवास्तव,बी एल ए सचिव सत्य प्रकाश सिंह, इंतखाब आलम चाँद,संतोष कठेरिया, राजकिशोर यादव, रजनीश मिश्रा,आंनद मेहरोत्रा,बदिनेश श्रीवास्तव,नावेद सिद्दीकी, अरुण श्रीवास्तव, अस्वनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार यादव,जीतेन्द्र मिश्रा,कैलाश श्रीवास्तव, रामकिशोर वर्मा,बिपिन यादव,सत्यम त्रिवेदी,अशोक वर्मा आदि प्रमुख रहे।

# धूमधाम और उल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। देशभर में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास और उमंग से मनाया। सीतापुर विभिन्न में हुए समारोह में रंग बिरंगी झांकियां सजाई गईं। खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता प्रतिनिधि ने गणतंत्र दिवस के 76वें वर्षगाठ पर खैराबाद नगरपालिका में समारोह आयोजित हुआ ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने नगरवासियों को संबोधित किया वही सीतापुर पुलिस लाइन मैदान में आयोजित समारोह मुख्य अतिथि कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने परेड की सलामी ली इससे पूर्व परेड का खुली जिप्सी से निरीक्षण किया गया। सीतापुर पुलिस लाइन में नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला जिला अधिकारी अभिषेक आनंद शामिल हुए। खैराबाद में बेबी अभिषेक गुप्ता ने गौशाला जाकर गौवंशो की पूजा अर्चना कर गुड़ व चने खिलाया।वही नगर में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अथिति के तौर पर उपस्थित होकर विजयी प्रय्याशियो को सम्मानित किया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि भारत के संविधान में सभी लोगों को सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, पद व अवसर की समानता तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया है । लेकिन लोगों को अपने अधिकारों की समझ न होने के कारण ऽ विशेषकर महिलाएं व कमजोर वर्ग के लोग ऽ अपने मानवाधिकारों से वंचित हैं ।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लहरपुर सीतापुर । आपको बताते चले जैसा की 76वें गणतंत्र दिवस का पावन पर्व था ।इस मौके पर हर कॉलेज हर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम मनाया गया । वही आज लहरपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजी जावेद चैयरमैन के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट गान गाया गया एंव शहीदों के नामों के नारे लगाए गए मनाया इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अनिरूद्ध पटेल ,लेखाकार बाबू नीरज कुमार गौड़ ,मुशीर अहमद ,लिपिक नगर पालिका परिषद के सदस्य गण व समस्त सम्मानित जनता मौजूद रही /इसी क्रम के चलते ग्राम पतवारा के प्राथमिक विद्यालय के मास्टर अख्तर अली ने भी झंडा फहराने के पश्चात मिष्ठान्न वितरण के बाद अवकाश कर दिया गया/वहीं पंडितदीनदयाल उपध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के ,पतवारा प्रधानाचार्य रविंद्र विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्टगान के बाद प्रभात फ़ेरी निकाली गयी उसके बाद विद्यालय में भगत सिंह नाटक ,नशामुक्ति ,देशभक्ति गाने , जलिया वाला बाग का मनमोहक दृश्य एंकाकी भाषण व अन्य प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया इसी बीच में अन्य बच्चों के द्वारा रंगारग छोटे छोटे प्रोग्राम किए गये इस मौके पर रवींद्र विश्वकर्मा जी,अशोक सिंह ,निशीत चतुर्वेदी ,रितेश वर्मा ,अवधेश यादव ,हिंमाशु गुप्ता ,महेंद्र प्रसाद ,सुशील कुमार ,सतीश यादव ,एंव पीटी शिक्षक एवं आउट सोशिग अध्यापक, व अध्यापिका गण आदि क्षेत्रीय लोग व पत्रकार उपस्थित ।होकर विद्यालय में हो रहे बच्चों के मनमोहक प्रोग्राम का आयोजन किया गया वहीं प्रधानाध्यापक रवींद्र विश्वकर्मा नें विद्यालय मेंगणतंत्र दिवस पर संविधान के मूल सिद्धान्तों स्वतंत्रता, समानता और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बन्धुता पर अमल करने का संकल्प , के बारे में बताया गणतंत्र दिवस सभी नागरिकों को सर्वोच्च पद तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है। संविधान में हमें स्वतंत्रता, समानता एवं बधुत्व तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय प्रदान करता है, जिससे सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते है। हमें संविधान द्वारा दिये गये इन अधिकारों को प्राप्त करने के लिए अपने कर्तव्य एवं दायित्वों को निष्ठापूर्ण ढंग से निभाना होगा।उसके बाद कार्यक्रम में प्रतिभाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया , कार्यक्रम समापन के तत्पश्चात मिष्ठान वितरण भी किया गया ।

# स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज का गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। के प्रतिष्ठित विद्यालय स्टडी प्वाइंट इंटर कॉलेज के प्रांगण में गत 26 जनवरी 2025 को 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री आमिर रिज़वी जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत व कविताओं के साथ देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए इस विशेष अवसर पर हमारे नन्हें-मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति के गीतों पर थिरकते हुए मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ सुंदर प्रस्तुति दी। इस मौके पर बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रबंधक श्री आमिर रिज़वी जी, विद्यालय प्रशासिका श्रीमती लुबना रिज़वी जी ,विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अमिय किरण अवस्थी जी तथा अध्यापक गण उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राम सुमिरन शर्मा जी तथा दिलीप जोशी जी भी उपस्थित रहे विद्यालय प्रबंधक श्री आमिर रिज़वी जी ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि 26 जनवरी को हमारे देश का संविधान बना। गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान की अहमियत और उसकी स्थापना का प्रतीक है ।

आपने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा हर बच्चे के लिए बहुत ज़रूरी है। शिक्षा पाकर ही बच्चा एक अच्छा नागरिक बनता है, देश के लिए धरोहर बनता है और अपने देश को विश्व में ऊंचाइयों तक ले जाता है । उन्होंने बच्चों में देश प्रेम जगाने और उनके कर्तव्यबोध को जागृत करने पर जोर दिया। और अच्छी आदतों के पालन पर बल दिया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित थे जिन्होंने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और सराहना की । कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सहयोगियों को आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य श्री अमिय किरण अवस्थी जी ने धन्यवाद दिया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं ।

# ग्रामीण अंचल में भी रही 76वें गणतंत्र की धूम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण अंचल में भारतीय लोकतंत्र का महापर्व गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। कस्बे में मदरसों और विद्यालयों के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी उमंग के साथ प्रभातफ़ेरियां निकालीं। परिषदीय विद्यालयों एवं मदरसा इस्लामिया कन्जुल उलूम सहित लगभग आधा दर्जन विद्यालयों और मदरसों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुये। जहांगीराबाद स्थित श्री राम मनोहर श्रीवास्तव स्मारक विद्यालय में प्रबंधक विजय श्रीवास्तव एवं विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डा0 श्याम किशोर वर्मा ने तिरंगा ध्वज फहराया। सभी ने राष्ट्रगान गाया। बच्चों ने देशभक्ति से परिपूर्ण विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उ0प्र0राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य करुणा शंकर पटेल ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताते हुए बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये मनमोहक प्रस्तुतियों के कारण विद्यालय के बच्चों व शिक्षक शिक्षिकाओं को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर लोकतंत्र रक्षक सेनानी अमर सिंह पटेल,ओम् प्रकाश वर्मा,डा0 वकील अहमद खान,हाजी मौलाना नफीसुल हक मजाहिरी, राकेश नंद, अनुराग पाठक, विनोद सोनी, सलमान अंसारी, सुधीर कुमार शुक्ला सहित दर्जनों गणमान्य नागरिक व बच्चे उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाध्यापक अशोक श्रीवास्तव ने सभी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा मिष्ठान वितरण हुआ।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस,याद किए गए शाहिद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नर, एडीजी, डीआईजी, एसएसपी एसपी रेलवे, पीएसी कमांडेंट, एसएस बी डीआईजी ने राष्ट्रीय ध्वज को अपने अपने कार्यालय पर फहराकर सलामी ली और बीर शहीदों को याद किया। जानकारी के अनुसार कमिश्नर कार्यालय पर अनिल ढींगरा, एडीजी जोन डा के एस प्रताप कुमार, डीआईजी रेंज आनंद कुलकर्णी, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, पीएसी कमांडेंट आनंद कुमार, एसपी रेलवे संदीप कुमार मीना ने झंडारोहण कर तिरंगे की सलामी लिया।प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल गोरखपुर के परेड मैदान में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को विवेक कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा फहराया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी बल कार्मिकों और प्रशिक्षुओं को देश के प्रति अपने कर्त्तव्य को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समाज के लिए एक मिशाल के तौर पर कार्य करते रहने बात की। मुख्य अतिथि ने भारत सरकार द्वारा वीरता पुरस्कार विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पदक से नवाजे जाने वाले सशस्त्र सीमा बल के सभी अधिकारियों और अन्य बल कार्मिकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जय प्रकाश आर्य उप कमांडेंट, स्वपन रजक सहायक कमांडेंट, मानिक बारसैकिया सहायक कमांडेंट, हरि सिंह सहायक कमांडेंट, प्रशिक्षण केंद्र के सभी बल कार्मिक, प्रोन्नति कोर्स और बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के क्वार्टर गार्ड पर सेनानायक आनन्द कुमर ऋष्ट्र द्वारा हर्षोल्लास व उत्साह के साथ ध्वज़ारोहण किया गया व ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी तथा संविधान के प्रस्तावना की शपथ दिलायी गयी। तत्पचात सेनानायक द्वारा 2 सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा मेडल प्रदान कर मिष्ठान वितरण किया गया ।इस अवसर पर शिविरपाल गणेश सिंह, दलनायक राणाप्रताप चौहान, दलनायक राजेश यादव, सूबेदार सैन्य सहायक धर्मेंद्र सिंह सहित वाहिनी के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी गण उपस्थित रहे। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। प्रशासनिक भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कुलपति प्रो पूनम टंडन ने ध्वजारोहण किया। इससे पूर्व कुलपति ने दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की उत्साही भागीदारी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम ने इस अवसर को और विशेष बना दिया।अपने संबोधन में कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए देश के संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने अपने भाषण में भारतीय संस्कृति, राष्ट्र प्रेम और गणराज्य के प्रति गर्व को उजागर किया।

# कृषि उपयोग भूमि से बगैर परमिशन के 10 से 15 फीट गहराई तक मशीन से मिट्टी उठाकर डंपरों से व्यापार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। महेवा ब्लॉक इलाके में अवैध खनन को रोकने में माइनिंग विभाग और राजस्व विभाग अभी तक फ़ेल साबित हो रहा है। माइनिंग विभाग और राजस्व विभाग की सुस्ती का खनन माफिया भी खूब लाभ उठा रहे है । पटियन माइनर खितौरा मार्ग स्थित रविवार और सोमवार की मध्य रात्रि में कृषि उपयोग भूमि से मिट्टी का खनन सभी नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा हैं। सोमवार देरशाम करीब 4:30 बजे बिना परमिशन के गैर कानूनी तरीके से उठाई गई मिट्टी की सूचना मिली है । मिट्टी माफिया किसानों को मोटा लालच देकर जमीन से 10 से 15 फीट तक गहरी मिट्टी का उठान किया है। यही नहीं जो किसान मिट्टी बेचना नहीं चाहते हैं। उन्हें भी मिट्टी बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है, पास के खेत से मिट्टी उठाने के बाद दूसरे खेतों में बरसात में कटाव शुरू हो जाता है। इस कारण उन्हें मजबूरन में मिट्टी बेचने पड़ रही है। मिट्टी माफियाओं ने जेसीबी से मिट्टी खनन कर डंपरों के जरिए कस्बा बकेवर में मिट्टी का व्यापार धड़ले से चल रहा है। ऐसे में यहां सवाल उठता है कि क्या उक्त मामले की माइनिंग विभाग और राजस्व विभाग के अफसरों को भनक नहीं है या फिर भू-माफिया अफसरों से भी सांठ-गांठ कर चुके हैं। कृषि उपयोग भूमि से 10 फुट मिट्टी उठाना गैर कानूनी है । भरथना तहसीलदार राजकुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए लेखपाल को जांच के आदेश दिए है, वही जब माइनिंग विभाग के क्ष्ग प्रदीप कुमार राज से बात की तो उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है । देखने वाली बात यह होगी कि माइनिंग विभाग और राजस्व विभाग आखिर भू माफियाओं पर क्या कार्रवाई करता है या यूं ही मामले पर धूल डालकर मामला शांत कर दिया जाएगा। यह तो अफसर के जांच के भविष्य में छिपा हुआ है ।

# मैरेज हाल में ड्यूटी में लगे दारोगा ने मामूली बात पर निकाली पिस्टल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार इलाके के एक मैरिज हॉल के पास स्थित मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर पुलिस और पब्लिक में ही विवाद हो गया। सादे वर्दी में पहुंचे दो दारोगाओं को पहले तो लोगों ने गाड़ी खड़ी करने से मना किया। लेकिन, जब वो नहीं माने और पुलिस का रौब झाड़ने लगे तो वहां मौजूद लोग पुलिस वालों से ही भिड़ गए। इसपर दरोगा ने पिस्टल निकाल ली और विरोध करने वाले लोगों को हड़काने लगे।

हालांकि, इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

पब्लिक को वीडियो बनाते देख एक दरोगा अपने साथी दरोगा से ये कहते हुए नजर आ रहे हैं कि वीडियो बन रहा है। यह सुनते ही गुस्से से लाल हाथ में पिस्टल लिए दरोगा अपना असलहा अंदर रख लिए और एक युवक को पकड़कर थाने लाए। घटना रविवार की रात शाहपुर इलाके के पादरी बाजार फातिमा हॉस्पिटल के पास स्थित एक मैरिज हाल के पास की है। इंस्पेक्टर शाहपुर नीरज राय ने बताया, पादरी बाजार चौकी पर तैनात दो दारोगाओं की वहां सादी वर्दी में ड्यूटी कर रहे थे। तभी कुछ शराबी गाड़ी खड़ी करने को लेकर पुलिस वालों से उलझ गए। जब उन्हें पता चला कि ये पुलिस वाले हैं तो आरोपी ने दरोगा की पिस्टल छीनने की कोशिश की। इसी दौरान पिस्टल बाहर आ गया और लोगों ने वीडियो बना लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अगर पुलिसकर्मियों का दोष सामने आया तो इससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।दरअसल, बस्ती पुलिस में तैनात आर्मोरर के बेटे और बेटी की रविवार को फातिमा अस्पताल के पास स्थित सेवन रिंग्स मैरिज हाल से शादी थी। विभागीय शादी होने की वजह से इस समारोह में पादरी बाजार पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों को भी निमंत्रण मिला था। इसी समारोह के लिए चौकी पर तैनात दो दारोगाओं पवन यादव और ओम प्रकाश की सादे वर्दी में मैरिज हॉल पर ड्यूटी लगाई गई थी।

# धूमधाम एवं बड़े हर्शोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में 76वां गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर अभिवादन किया तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत उपस्थित लोगों को संविधान में उल्लिखित संकल्प दिलाया। उन्होने उन्होंने पुलिस परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। उन्होंने पुलिस परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। मुख्य अतिथि ने पुलिस सेवा पदक, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते कहा कि आगामी दिन महीना साल सभी के जीवन में बहुत खुशनुमा हो। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिए दृढ़ संकल्प लेने का है इतने वर्षों के आजादी के बाद भारत ने क्या खाया और क्या पाया है। आज के समय का मूल्यांकन करना है कहां थे और अब कहां पहुंच गए हैं। उन्होने कहा कि और अधिक आगे चलकर बढ़ाना है। यह सब मंथन करें तो निश्चित ही अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आज नमन करते हैं। जिनके बलिदान एवं कुर्बानियों से आज का यह दिन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि आज का भारत केवल आयात करने के लिए नहीं आज हम निर्यात करने के लिए सक्षम है। उन्होने कहा कि देश की जीडीपी बढ़ रही है लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा इसी तरीके से सभी लोग मिलकर देश को आगे बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और आगे बढ रहा है। उन्होने कहा कि लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं एवं संसाधन मिल रहे हैं। देश एवं प्रदेश में विकास हो रहा है और लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजादी बड़े संघर्षों व बलिदानों के उपरांत मिली है। अमर शहीदों के बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सभी लोग इस आजादी की महत्वता को समझें। उन्होंने कहा कि यह तब ही हो सकता है जब हम एक साथ कदम से कदम मिलाकर देश को आगे बढ़ाने में, इस देश को आत्मनिर्भर बनाने में तथा भारत को विकसित बनाने में अपना सहयोग देंगे।

## एसपी जीआरपी ने शाही स्नान और मौनी अमावस्या के मद्देनजर किया गोरखपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

**गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** आगामी शाही स्नान मौनी अमावस्या के मद्देनजर महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशन गोरखपुर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रेलवे संदीप कुमार मीना ने आज जीआरपी, आरपीएफ, एस-चेक टीम और बीडीडीएस टीम के साथ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॉर्म, ट्रेन, वेटिंग हॉल, आउटर और पार्किंग क्षेत्रों की सुरक्षा का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्टेशनों पर अनावश्यक भीड़ रोकने, मेला स्पेशल ट्रेनों के लिए कर्मचारियों की तैनाती, लाउड हेलर से दिशा-निर्देश देने और ठंड के मौसम में रैन बसेरों व पूछताछ केंद्रों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने ट्रेन के प्लेटफॉर्म में बदलाव की स्थिति में श्रद्धालुओं को दो घंटे पहले सूचना देने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। सुरक्षा और सुविधा के इन इंतजामों से श्रद्धालु सुरक्षित और सुगम यात्रा कर सकेंगे।

## रिवार में मचा कोहराम शव पीएम के लिए भेजा

**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के गांव अठकोना में एक मजदूर की मकान का लिंटर खोलते समय एचटी लाइन की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उसका बेटा राजू शर्मा 25 वर्षीय गांव के ही रामसनेही के यहां मजदूरी करने गया था,जहां पर उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा था।विगत रविवार के दोपहर के समय मकान का लिटर खोला जा रहा था। जहां पर उनका बेटा राजू शर्मा लिंटर में पड़े लोहे के गाटर को निकाल रहा था, गाटर निकालते समय मकान के पास से गुजरी एचटी लाइन में छू गया जिससे गाटर में करंट दौड़ पड़ा ।करंट दौड़ने पर राजू शर्मा उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।मृतक के पिता देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उसके बेटे की मौत की खबर फोन से उसे मिली वह हरिद्वार में मजदूरी कर रहा था। मृतक राजू शर्मा घर में अकेला ही चिराग था, मां सोमवती की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। घर में पिता पुत्र थे जो मजदूरी कर अपना भरण पोषण करते थे। उधर पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी आरके रावत ने बताया कि सूचना के आधार पर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर ग्रामीणों का आरोप है कि राजू शर्मा की बिजली के करंट लगने से मौत हो जाने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारियों को कई बार फोन से सूचना दी गई कि लाइन को बंद कर दिया जाए लेकिन विद्युत लाइनमैन ने लाइन को बंद नहीं किया। जिससे ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

## हुआ ध्वजारोहण

**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को तमाम स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए है। साथ ही ध्वजारोहण किया गया है। खुटार के गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक हरदेव सिंह, थाना खुटार में थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में प्रधानाचार्य नीरज मिश्रा, ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा, रामपुर कलां में शहीद ऊधम सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरवेल सिंह, प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में प्रधानाचार्य आर. डी. तिवारी एलएसपी पब्लिक स्कूल रामपुर कला में प्रधानाचार्य एसके वर्मा व वनस्थली इंटर कॉलेज सिकलापुर में प्रधानाचार्य आर एन मिश्रा ने ध्वजारोहण किया है। इधर, पूर्व विधायक शंकुतला देवी, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। 76वें गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में धूमधाम से संस्कृत कार्यक्रम भी संपन्न हुए।

## सड़क हादसे में साले-बहनोई घायल,

**खुटार कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंडा रोड पर गांव पिपरिया भागवंत मोड़ के समीप सोमवार दिन के करीब एक बजे बाइक और कार की टक्कर हो गई। सड़क हादसे में गांव सिमरई निवासी राम सागर का पुत्र दीपक कुमार (22) और उसका साला जनपद लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव खंजनपुर निवासी आकाश कुमार घायल हो गया। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने कार सवार को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों की सूचना पर 108 सेवा एंबुलेंस कर्मी ईएमटी कीरत यादव, पायलट रामेंद्र दुबे ने घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया।जहां डॉक्टर ने घायलों की मरहम पट्टी कर छुट्टी दे दी। दीपक कुमार ने बताया कि सोमवार को घर में गोद भराई की रस्म होनी है। उसी के चलते वह अपने साले आकाश के साथ बाइक से खुटार में टेंट की दुकान पर गैस भट्ठी लेने आ रहे थे। तभी यह हादसा हो गया।

## युवक को बाइक पर स्टंट करना पड़ा भारी पुलिस ने 15 हजार का चालान

**इटावा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा स्टंट करने वालों के विरूद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मोटर साइकिल पर युवक का स्टंट करते हुये रील वायरल हुआ पुलिस साइबर सेल ने तत्काल कार्यवाही की गयी सोशल मीडिया सेल द्वारा लगातार पेनी निगाह से निगरानी की जारही है विडिओ का संज्ञान लेते हुये प्रभारी यातायात को अवगत कराते हुये मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत ।

# गौतम बुद्ध की प्रतिमा खंडित करने पर ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर चक्का जाम कर किया,प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




खुटार। सोमवार को खुटार पुवायां रोड रौतापुर कलां गांव की मोड़ के पास गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित थी जहां पर रौतापुर कलां के ग्रामीण प्रति वर्ष गौतम बुद्ध की जयंती बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाते थे। जिसे बीती रात मूर्ति को खंडित कर दिया गया, सुबह ग्रामीणों को जानकारी हुई। जिस पर ग्रामीणों ने खुटार पुवाया रोड रौतापुर कलां मोड पर भारी संख्या में एकत्र होकर रोड पर जाम लगा दिया और प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी आरके रावत के समझाने के बाद शांत हुए और मूर्ति के स्थान पर धरने पर बैठ गए। रौतापुर कला गांव निवासी सत्यपाल गौतम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह अपने गौतम समाज के साथ प्रतिवर्ष प्रतिमा के प्रांगण में बैठकर हर्षो उल्लास के साथ जयंती मनाते हैं। विगत 26 जनवरी को भी वह लोग एकत्र होकर गौतम बुद्ध की जयंती मना रहे थे, कि पड़ोस के ही खेत स्वामी मुकेश पांडेय निवासी गंगासरा, थाना पुवाया व क्षेत्र के गांव रौतापुर कला निवासी अमरीश मिश्रा, प्रदीप मिश्रा उर्फ रामू, अग्निवेश उर्फ बंटी ने कार्यक्रम को बंद करने के लिए कहा जिस पर वह लोग नहीं माने। जिससे रात के समय उक्त चारों लोगों ने प्रतिमा को खंडित कर दिया। पुलिस ने सत्यपाल गौतम की तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की। उधर धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग की टीम में तहसीलदार अरुण सोनकर, नायब तहसीलदार अमित कुमार, कानूनगो व हल्का लेखपाल ने पैमाइश शुरू की। सोमवार को पूरे दिन प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा है। धरना प्रदर्शन में बसपा के पुवायां विधानसभा अध्यक्ष जसपाल गौतम, आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सागर, खुटार नगर अध्यक्ष अनिल सागर व बसपा के कई पदाधिकारी सैकड़ो ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठे रहे। शाम को थाना प्रभारी आरके रावत, तहसीलदार अरुण सोनकर ने दूसरी प्रतिमा मंगवाकर स्थापित कराई तब जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# अवैध एलपीजी गैस रिफिलिंग का धंधा पकड़ा गया, पुलिस संरक्षण का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



इटावा। जसवंत नगरः जसवंत नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खेड़ा बुजुर्ग के नगला खुशाली में पुलिस संरक्षण में चल रहा अवैध एलपीजी गैस रिफिलिंग का धंधा उजागर हुआ है। एक स्थानीय समाचारदाता द्वारा किए गए छानबीन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि यह अवैध कारोबार कई सालों से चल रहा है और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से लेकर पुलिस तक सभी को इसकी जानकारी है। क्या है मामला समाचारदाता द्वारा जब अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर जाकर जानकारी ली गई तो पता चला कि यहां पर पिछले 5 साल से लगातार गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है। दिनभर में करीब 50 से 100 गाड़ियां यहां आकर गैस भरवाती हैं। जब गैस रिफिलिंग संचालक सोहित शाक्य से पूछा गया कि उनके पास इस काम की कोई परमिशन है या नहीं तो उन्होंने स्वीकार किया कि उनके पास कोई परमिशन नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि वे पुलिस से सेटिंग करके यह कारोबार चला रहे हैं और थाने से लेकर तहसील तक सभी को इस बात की जानकारी है। स्थानीय लोगों में दहशत इस अवैध कारोबार से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। क्योंकि अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग करने से गैस लीकेज होने का खतरा रहता है जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। क्या कहता है प्रशासन इस मामले में अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है क्योंकि इस कारोबार में पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं।

# युवा मतदाताओं को वोटर कार्ड देकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुआ, जिसमें प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा, मंडलायुक्त रोशन जैकब, डीएम विशाख जी और अन्य कई वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में युवाओं और बुजुर्गों को समान रूप से प्रेरित करने का प्रयास किया गया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने स्टॉल लगाकर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के अधिकार और उसकी प्रक्रिया के महत्व के बारे में जानकारी दी। बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान इस अवसर पर उन बुजुर्ग मतदाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने मताधिकार का लगातार उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। उनकी भूमिका को सराहते हुए उन्हें मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। नए मतदाताओं को मिला सम्मान कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण युवा और नए मतदाता रहे। लखनऊ के अमन वर्मा समेत कई युवाओं को वोटर कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि ''युवा मतदाता हमारे लोकतंत्र की रीढ़ हैं।'' उन्होंने सभी से अपील की कि वे न केवल मतदान करें बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम ने न केवल मतदाताओं के अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डाला बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में हर नागरिक की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।

# जीव और ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते हैं :डॉ. कौशलेंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अंबेडकर नगर,। रामबाबा अतरौराः श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक डॉ. कौशलेंद्र महाराज ने रास पंचाध्यायी का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा, ''महारास, जीव और ब्रह्म के मिलन का प्रतीक है। यह परमानंद की वह स्थिति है, जिसमें दुःख और शोक से मुक्ति प्राप्त होती है।''कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में शिक्षा ग्रहण, कालयवन वध, द्वारका की स्थापना और रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का संगीत और भजनों के माध्यम से भावपूर्ण चित्रण किया गया। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा स्थल पर भजनों और मंगला आरती के बीच भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। कथावाचक ने बताया कि संस्कारयुक्त जीवन जीने से व्यक्ति ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करता है। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की झांकी, भजनों और वरमाला में फूलों की वर्षा ने समस्त ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। महारास का महत्वः कथावाचक ने महारास की व्याख्या करते हुए बताया कि रास पंचाध्यायी में वर्णित पांच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी इन गीतों को श्रद्धा और भक्ति से गाता है, उसे वृंदावन की भक्ति और परमानंद सहज प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी के माधुर्य से गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के माध्यम से जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का दिव्य अनुभव कराया। भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु कथा के दौरान प्रस्तुत भजन ''तो सुन मुरली की तान दौड़ आई सांवरिया'' पर श्रोता भावविभोर होकर झूम उठे। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की झांकी और फूलों की वर्षा ने श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। संस्कार और जीवन शैली पर जोर डॉ. कौशलेंद्र महाराज ने कहा, ''संस्कारयुक्त जीवन जीने वाला व्यक्ति कभी कष्टों से नहीं घिरता। ब्रह्म मुहूर्त में उठकर यज्ञ, तर्पण, और गौ सेवा करने वाला व्यक्ति ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करता है।'' विवाह उत्सव का उल्लास

श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की मंगला आरती और भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर शिव कुमार त्रिपाठी एडवोकेट और समस्त ग्रामवासी समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। भागवत कथा का समापन कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भक्ति संगीत और भगवान के गुणगान का आनंद लिया। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आनंद का जीवंत उदाहरण बन गया।


उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/194A/2024-25 |
| क | कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर०एम०पी०यू० में एल०एच०बी० वातानुकूलित यान/हाइब्रीड वातानुकूलित यान में ट्रफ फ्लोर एवं डक्ट से होने वाले पानी के रिसाव की रोकथाम की व्यवस्था। |
| ख | अनुमानित लागत | रू 57,27,076/- |
| ग | धरोहर राशि | रू 1,14,600/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य | शून्य |
| ड | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| | अन्य सूचना | |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 15.02.2025 को अपरान्ह 13:00 बजे तक। |
| 3 | निविदा खुलने की तिथि व समय | 15.02.2025 को अपरान्ह 13:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। **निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू0/ आलमबाग/194A/2024-25**

**दिनांकः 25.01.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 285/25

# जिलाधिकारी ने सरकारी दस्तावेजों में हेर फ़ेर करने वाले भूमाफियो पर एफआईआर के दिए आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सरकारी दस्तावेजों में हेर.फ़ेर और भूमाफियाओं द्वारा की गई संगठित जालसा जी के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिला फ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।यह मामला सरकारी अभिलेखों में कूटरचना,पैतृक भूमि की धोखाधड़ी और भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जे से जुड़ा हुआ है जि लाधिकारी ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए यह स्पष्ट किया कि प्रशासन ऐसी आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह सतर्क है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा



## समाधान दिवस पर हुई थी शिकायत

मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डड़वा दसवतिया निवासी पवन कुमार सिंह ने चार जनवरी को जिलाधिकारी नेहा शर्मा के समक्ष शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया।इसमें पवन सिंह ने आरोप लगाया कि उनकी पैतृक भूमि, गाटा संख्या-196 मि0 (1.914 हेक्टेयर) को भू-माफियाओं ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से हड़पने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि उप निबंधक कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से वर्ष 1979 के जिल्द संख्या-904 के विलेख संख्या-163 के वास्तविक पन्नों को हटाकर कूटरचित पन्ने लगाए गए।इसके आधार पर ोरख नाथ सिंह के नाम से फर्जी विलेख तैयार किया गया और 2019 में अजय सिंह और अशोक कुमार सिंह ने इसी कूटरचित दस्तावेज के आधार पर भूमि का बैनामा करवा लिया।

## जिलाधिकारी के जांच में हुआ खुलासा

जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी से जांच कराई।जांच रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि विलेख संख्या-163 में कूटरचना की गई थी।रिपोर्ट के अनुसार, उक्त दस्तावेज मानक से भिन्न थे और गलत तरी के से तैयार किए गए थे।अन्य विलेखों से इन दस्तावेजों में भिन्नता स्पष्ट नजर आई।इसके बाद पाया गया कि सरका री प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए इन दस्तावेजों के मा ध्यम से भूमि का फर्जी हस्तांतरण किया गया।जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी ने तुरंत एफआईआर दर्ज कर ने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का आदे श दिया हैं।उन्होंने कहा,सरकारी दस्तावेजों के साथ छेड़ छाड़ और जालसाजी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।''साथ ही, जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग को निर्देश दिया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निगरानी प्रणाली को और मजबूत किया जाए।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ डीएम की कड़ी चेतावनी

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की इस कार्रवाई ने प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शिता का एक मिसाल स्थापित किया है। उनकी कड़ी चेतावनी से यह स्पष्ट हो गया है कि अब भू-माफियाओं और सरकारी अभिलेखों में हेरफ़ेर करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि दोषियों के खिलाफ त्वरित और ठोस कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी की यह कार्यवाही न केवल पीड़ितों के लिए राहत लेकर आई है, बल्कि यह प्रशासन की भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है।

# गोण्डा में जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जीवाड़ा,ये मामला जान कर तो आप अपना सिर पीट लेंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। विकास कार्यों से लेकर बुनियादी समस्याओं के सम यबद्ध और समुचित समाधान के लिए बनाए गए जन सुन वाई पोर्टल अफसरों की आंकड़ेबाजी के कारण मजाक ब न गए हैं। सरकार की मंशा थी कि पोर्टल के जरिए लोगों की भागदौड़ बचेगी और उन्हें अपने घर और क्षेत्र में अपनी शिकायतों का निदान मिल जाएगा पर कमोवेश हर विभाग जनसरोकार से जुड़ी शिकायतों को लेकर उदासीन है।वही कैनविज टाइम्स कुछ ऐसे ही मामलों की पड़ताल कर रहा है,ताकि प्रशासनिक तंत्र की लापरवाही को सामने लाने वा लों का हौसला न टूटे और आम लोगों को व्यवस्था परिवर्त न का अहसास हो।वही विद्यानगर ग्राम पंचायत गाँव के रहने अवध कुमार पाण्डेय ने एक शिकायत दर्ज कराई थी कि जल निगम के द्वारा पेयजल पाइप डालने के गड्ढे खोदे गए सड़क को वैसे छोड़ दिया गया और सड़क की मरम्मत नहीं की गई जिससे कि रास्ते में आने जाने वाले लोग चोटि ल हो रहे थे और उसे सड़क की मरम्मत की मांग की थी।लेकिन ताज्जुब की बात है कि अधिशासी अभियंता खंड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण गोंडा के अधि कारियों ने कागज पर तो खोदी गई सड़क की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है जिसका आईजीआरएस संख्या 924 18300030674 का निस्तारण कर दिया और शिकायत कर्ता को इसकी भनक तक नही लगी हैं।लेकिन जब जिले आईजीआरएस की यह कोई पहली घटना नहीं है ऐसे कई और मामले हैं जिसमें सिर्फ कागज पर निस्तारण क़र दि या गया है और धरातल पर सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे बने हुए हैं।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये गये पुलिस कर्मी व वीर नारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा शहीद परिवारों व वीर नारियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान किया गया। समारोह के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा पुलिस अधीक्षक बहराइच राम नयन सिंह को शौर्य के आधार पर प्रशंसा चिन्ह सिल्वर, मु.आ. चालक पहलवान सिंह रजत, उप नि.ना.पु. कृष्ण कुमार सिंह को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह तथा फायर मैन कृष्ण यादव, वीर बहादुर गोंड व शारदा प्रसाद को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।इसी प्रकार मृतक महिला आरक्षी आंशी तिवारी, हे.कां.ना.पु. हरेकृष्ण प्रसाद भारती व अमरीश कुमार सिंह, सम्पूर्णानन्द पाण्डेय,



उ.नि.ना.प. राजेश कुमार पाण्डेय व शिव प्रकाश दुबे, विनोद कुमार सिंह व उमादत्त सिंह, अनिल कुमार तिवारी, कुक छोटे खॉ, श्रीमती सुमन सिंह व मनोज कुमार, कां.ना.पु. रणविजय विश्वकर्मा, ओ.पी. हरेन्द्र पाल, हे.कां.चालक भोला नाथ यादव व राम सेवक, शेषनाथ उपाध्याय, नि.ना.पु. अखण्ड प्रताप, नि.ना.पु. संतोष कुमार सरोज व मकरध्वज सहित अन्य शहीद पुलिस परिवार की वीर नारियों व परिजनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के रिजर्व पुलिस लाइन में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में पुलिस विभाग के कई अधिकारियों और जवानों को उनकी उत्कृष्ट सेवा ओं के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अति थि देवीपाटन मंडल कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील और डीआईजी अमित पाठक की उपस्थिति में तीन पुलिस कर्मियों को डीजीपी सिल्वर मेडल से नवाजा गया।पूर्व थानाध्यक्ष नवाबगंज मनोज कुमार राय,एसआई उदय नारायण तिवारी और हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र को उनके शौर्य और सेवा अभिलेख के आधार पर डीजीपी सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया।इसके अतिरिक्त, एसपी विनीत जायसवाल ने जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान देने



वाले तीस पुलिसकर्मियों को भी सम्मानित किया।विशेष उपलब्धियों में साइबर सेल के हरिओम टंडन को साइबर कवच अभियान के तहत जागरूकता फैलाने और पीड़ितों के करोड़ों रुपए वापस दिलाने में मदद करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।सर्वि लांस सेल के मुख्य आरक्षी अमित पाठक और आरक्षी अमितेश सिंह को अपराधियों की गिरफ्तारी में उल्लेख नीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।एलआईयू प्रभारी पवन कुमार वर्मा को महत्वपूर्ण सूचनाएं एकत्रित कर कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान के लिए सम्मान मिला।साइबर सेल,मीडिया सेल,यातायात विभाग और विभिन्न थानों से जुड़े कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर आयो जित रैतिक परेड की भी सभी अधिकारियों ने सराहना की।जिले के अलग-अलग विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृ तिक कार्यक्रम पेश किया गया जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले सभी विद्यालय के बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र मेडल देकर के सम्मानित किया गया है। परेड की सलामी लेने के बाद कमिश्नर, डीआईजी और एसपी विनीत जायस वाल द्वारा सभी को भारत की एकता और अखंडता सत्य निष्ठा और स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए शप थ दिलाई गई है।

**जिला महिला अस्पताल में दबंगई**

# मरीज के विगो बदलने के भड़की नर्स,तोड़ा परिजन का मोबाइल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिला महिला चिकित्सालय में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है।जहां एक स्टाफ नर्स ने मरीज के परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया।घटना आयुष्मान वार्ड का है।जहां एक महिला मरीज के परिजनों ने विगो बदलवाने के लिए नर्स को चार बार बुलाया।बार-बार बु लाए जाने से नाराज स्टाप नर्स जब वार्ड में पहुंची,तो उका गुस्सा सातवें आसमान पर था।स्टाप नर्स ने आरोप लगाया कि परिजन उसका वीडियो बना रहे थे। गुस्से में उसने परि जन के हाथ से मोबाइल छीन लिया और उसे जमीन पर पटक दिया।इस दौरान नर्स ने जमकर हंगामा भी किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैं। यह घटना स्वास्थ्य सेवाओं की



गुणवत्ता और मरीजों के साथ स्वास्थ्यकर्मियों के व्यवहार पर गंभीर सवाल खड़े करती है। महिला अस्पताल प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब गोंडा जिला महिला अस्पताल सुर्खियों में ऐसी कई घटनाएं पहले भी हो चुकी है। वही पूरे मामले में जांच के भी आदेश दिए गए हैं।

## मधुमक्खियां के हमले में किसान घायल

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खेत गए किसान पर मधुमक्खियां की झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाया गया,जहां इलाज के बाद डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करमुल्लापुर लम्बा पुरवा निवासी समयदीन (32) पुत्र राम लखन अपने खेत गए हुए थे। अचानक मधुमक्खियां के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में वह बुरी तरह घायल हो गए।इलाज के लिए परिजन समयदीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया,जहां इलाज के बाद उनकी हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

## सडक दुर्घटना मे पति-पत्नी समेत 6 घायल

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र जरवल रोड के अंतर्गत हुए अलग-अलग सड़क हादसों में पिता पुत्र समेत छः लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया, जिसमे चार की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच हाईवे निकट कुडवा ओवरब्रिज के पास बाइक से आ रहे राजू गुप्ता (40),उनकी पत्नी पूनम गुप्ता (35), 4 वर्षीय पुत्र ऋषि, व 7 वर्षीय पुत्र ऋषभ निवासी जमापुर थाना कैसरगंज की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से राजू बाइक समेत सडक पर गिर गए।पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया,जहा इलाज के बाद ऋषभ और राजू की हालत गम्भीर देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहीं सवारी बैठाकर जा रहे ई-रिक्शा पलटने से रियाज (12) निवासी विजयपुर ,व राजू (58) निवासी लम्बा पुरवा पकडी घायल हो गए।घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया, जहा इलाज के बाद रियाज और राजू को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे ओवरब्रिज पर सोमवार को एक ट्रक के चपेट में आने से बाइक पर बैठी 50 वर्षीय अधेड़ महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अर्जुन डुमरी गांव निवासी ओमप्रकाश पुत्र सत्तू अपने बाइक पर पत्नी शशि कुमारी उम्र 50 वर्ष को लेकर गोरखपुर के तरफ जा रहे थे कि नगर के ओवरब्रिज पर पीछे से ट्रक के चपेट में आ गए जिससे बाइक पर बैठी शशि कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतू भेज आवश्यक कार्यवाई में जुट गई। महिला के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। इस संबंध में कोतवाल हाटा सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि ट्रक व चालक को कब्जे में ले लिया गया है।

## स्कूलों में देशभक्ति से ओत प्रोत बच्चों ने पेश किए विभिन्न कार्यकम

**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नानपारा क्षेत्र मे गणतन्त्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के विद्यालयों मे बच्चों द्वारा नाटक, मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। नगर पालिका परिषद में चेयरमैन अब्दुल वहीद एवं ईओ रंग बहादुर सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान समस्त पालिकाकर्मी एवं सभासद मौजूद रहे। नगर के मिथिलेश नन्दिनी रेशमा आरिफ महाविद्यालय मे अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, अमीर हसन कालेज ऑफ फार्मेसी मे फुरकान फारूकी एवं अतीक अहमद ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, तहसील नानपारा मे एस0डी0एम0 अश्विनी पांडे, राहत जनता इण्टर कालेज मे प्रबन्धक अरशद खान व समाजसेवी केशव पांडे ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, जे0पी0 गर्ल्स इण्टर कालेज मे प्रबन्धक सुशील श्रीवास्तव ने, रिआन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक साबिर हुसैन ने, कोतवाली नानपारा मे कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह, राजा बाजार चौकी में चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा ने , बी0आर0सी0 भवन मे बी0ई0ओ0 ने ध्वाजारोहण किया, इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ शशिकांत बारगाह ने झंडारोहण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक चंद्रभान राम ने झंडारोहण किया। रूपईडीहा रोड पर स्थित आर. ए. एस. मेडिसिटी पर मुख्य अतिथि डॉ सी बी राम व डॉ अरशद खान ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। भारतीय मुस्लिम विकास समिति की ओर से समिति के प्रधान कार्यालय कवाबची गली रोड पर समिति के संस्थापक अध्यक्ष सै अब्दुल वली ने झंडारोहण किया।संस्था रियल यूटोपिया गार्डे न फाउंडेशन द्वारा संस्था की संरक्षक हुस्न बानो द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मदरसा मिस्बाहुल उलूम में, दादा पब्लिक स्कूल में, पायनियर पब्लिक स्कूल, रा0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नानपारा, लखनऊ पब्लिक स्कूल, सैंपलिंग पब्लिक स्कूल, श्री शंकर इंटर कॉलेज, वैद्य भगवानदीन बालिका इंटर कॉलेज मे ध्वजारोहण किया गया। इसी के साथ एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा व सीमा चौकियों में 76वॉं गणतंत्र दिवस हर्षोउलास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में कमान्डेंट कैलाश चंद रमोला द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सम्मान गार्ड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी। इस दौरान द्वितीय कमान अधिकारी पंकज कुमार ठाकुर, उप-कमांडेंट ओम प्रकाश मिश्र, उप-कमांडेंट अक्छर सिंह, सहायक-कमांडेंट आनंद मजुमदार, एवं वाहिनी के सभी अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित थे।

# गरिमापूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**❑ डीएम ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । गणतन्त्र दिवस जनपद में गरिमापूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। जहॉ पर मुख्यअतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस परेड की सलामी ली। जबकि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा कर्तव्यनिष्ठा का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष/एमएलसी पदमसेन चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मुख्यविकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद सहित पुलिस विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि डीएम मोनिका रानी द्वारा पुलिस परेड में शामिल बटालियन्स का निरीक्षण किया गया तथा परेड की सलामी ली गयी। पुलिस परेड का संचालन प्रथम कमाण्डर क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हीरा लाल कनौजिया, द्वितीय कमाण्ड प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह व तृतीय कमाण्डर उ.नि.स.पु. शम्भूशरण यादव द्वारा किया गया। परेड में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, स्वाट टीम, साइबर हेल्प लाइन 1930, दंगा नियंत्रण दस्ता, आपात सेवाए 112, 1090 वूमेन हेल्प लाइन, पुलिस रेडियो मेल एवं पोलनेट, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, अभियोजन शाखा, सिविल पुलिस, ए.ई.आर. व सी.ई.आर., महिला टोली, एस.एस.बी. टोली, एन.सी.सी., पी.आर.डी. व वन विभाग की टोलियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस लाइन में 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड सलामी के पश्चात पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह को पुलिस महानिदेशक द्वारा सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कुछ त्योहार ऐसे होते हैं जिसे राष्ट्रीय पर्व कहा जाता है और जिसमें हमारे देश भक्ति की भावना जागृत होती है, जहां हम अपने व्यक्तिगत स्वार्थ एवं अपनी व्यक्तिगत मान्यताओं को छोड़ते हुए राष्ट्र प्रेम के प्रति समर्पित होते हुए पूरे राष्ट्र के विकास के लिए योगदान देते हैं और आज हमारी देशभक्ति के प्रति हर एक व्यक्ति के मन में तिरंगे के प्रति सम्मान है। मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार समावेशन हो या आधारभूत संरचना का विकास हो निरंतर इस प्रकार के दिशा निर्देश हम सब लोगों को मिलते रहते हैं लेकिन विकास तभी संभव हो पाता है जब कानून और शांति व्यवस्था बनी रहे और कानून शांति व्यवस्था को बनाने में पुलिस प्रशासन का अमिट योगदान है। जहां पर प्रशासन को और पुलिस को अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ता है। इन कार्यों में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में बहराइच की एक लड़की जो अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में आगे लंदन तक जाकर अवार्ड लेकर आई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। जनपद की स्वयं सहायता समूह के बारे में मा0 प्रधानमंत्री जी ने अपने मुख से मन की बात में उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हम लखपति दीदी बनाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों की सुरक्षा के लिए हर मौसम में बॉर्डर पर तैनात सभी जवानों को नमन करते हुए गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई देती हूं।

# सीपीएस व सोहंग के टापर हुए सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। जनपद कुशीनगर में दशकों से अनुशासन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षणकार्य के लिये पूरे क्षेत्र में लोकप्रिय जनता इण्टरमीडिएट कालेज शास्त्रीनगर सोहंग तथा चिल्ड्रेन पब्लिक इण्टरमीडिएट कालेज में गणतन्त्र दिवस के अवसर पर माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा घोषित हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा में अधिकाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय परिवार ने घड़ी,लेखन सामग्री व मोमेंटम आदि देकर सम्मानित किया।विदित हो कि हाईस्कूल के परिणाम में सोहंग के छात्र आदित्य कुशवाहा ने 91.88% वहीं इण्टरमीडिएट में प्रिया राव ने 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय तथा परिवार का नाम रौशन किया था।छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य अनीता सिंह व प्रबन्धक सुबाषचन्द सिंह ने उनको पुरस्कृत करने की घोषणा की थी।इसी के तहत आज प्रबन्धक सुभाषचन्द्र सिंह व प्रधानाचार्य अनीता सिंह ने आदित्य व प्रिया राव सहित अन्य मेधावियों को पुरस्कृत किया।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष रामायण सिंह, निर्मेन्द्र सिंह,जुगेश यादव,विजय प्रताप सिंह,मदन सिंह,सुनील यादव, सूरज शर्मा,महेन्द्र सिंह,चन्द्रिका शर्मा व अखिलेश शाह सहित अन्य शिक्षक/कर्मचारी उपस्थित थे।इसी क्रम में स्थानीय चिल्ड्रेन पब्लिक इण्टरमीडिएट कालेज में ।

# भारत माता की जयघोष से गुंजायमान हुआ जनपद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। 76 वे गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय महापर्व पर भारत माता की जय, वदेमातरम, सुभाष चंद्र बोस, चंदशेखर आजाद, भगत सिंह, महात्मा गांधी अमर रहे के गगनभेदी नारो के साथ पूरा जनपद गुंजायमान रहा। हर तरफ जहां आसमान मे तिरंगा लहराया और अमर शहीदों को नमन कर उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। वही सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों मे प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने माँ भारती के सपूतो को नमन किया।पुलिस लाइन में परेड की गई और बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रातः साढे नौ बजे जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने झंडा फहराया। इस दौरान उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि आयोजित परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया। डीएम ने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस का शुभकामना देते हुए कहा हमारा संविधान विश्व का अनूठा अभिलेख है जिसमे सभी



देशो के संविधान का समावेश है। हमारा संविधान देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है जिसके हम ऋणी हैं। हमने देश की आजादी के बाद विभिन्न क्षेत्रों में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आगे बढ़ाने का लिए कार्य किया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सम्मान निधि, फसलों का उचित मूल्य, आवास,सहित विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना से आच्छादित करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ तो अनेक दुश्वारियां थी, उस समय गरीब का पेट भरने के लिए पर्याप्त अन्न नही था हम आयात पर निर्भर थे। उस समय हमारे सामने रोटी, कपड़ा और मकान की चुनौती थी, लेकिन स्वालम्बन हमारे खून में था, बड़ी बड़ी चुनौतियों को हमने अपने खून पसीना और मेहनत से हरा भरा किया। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में भारत अपना स्वर्णिम इतिहास लिख रहा है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत शासन की मंशा अनुरूप लगभग 52 हजार व्यक्तियों को आवास दिया गया, प्रधान मंत्री आवास अंतर्गत लगभग छह हजार लोगो को आवास, 9 लाख 80 हजार गरीबों के इलाज के लिए जन आरोग्य योजना के तहत लाभान्वित किया गया, इसके अतिरिक्त निराश्रित, विधवा, दिव्यांग पेंशन योजना अंतर्गत लाभान्वित किए जाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस नीति पर कार्य करते हुए लगभग 350 व्यक्तियों पर गैंगस्टर की कार्यवाही, 277 को गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई, इसके अलावा 58 अभ्यस्त अपराधियों पर सतत निगरानी की जा रही है। उन्होंने किसान भाइयों, मजदूर वर्ग सहित सभी का आभार व्यक्त किया जो देश को विकसित करने में निरंतर प्रयास कर रहे हैं,और देश के बेहतर भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत दुनिया में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं और भविष्य में भी अपनी संस्कृति, एकता, अखंडता, ज्ञान, विज्ञान के बल पर पूरे विश्व में प्रकाशमान रहेगा।इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने आसमान मे कबूतर व गुब्बारे उड़ाकर शांति का संदेश और खुशी का इजहार किया। जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को संविधान का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । राष्ट्रीय पर्व पर पुलिस लाइन में जनपद के कुशीनगर गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, वीणावादिनी कन्या इंटर कालेज, शारदा आदर्श शिशु माध्यमिक विद्यालय सहित तमाम विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, लघु नाट्य का मंचन, भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा जूडो, कराटे, गायन, मनोहारी नृत्य मनमोहक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन मुजीबुल्लाह राही ने किया। इस अवसर पर सदर विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, खडडा विधायक विवेकानंद पांडेय, तमकुहीराज विधायक डा असीम कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सावित्री जायसवाल, जिलाध्यक्ष भाजपा दुर्गेश राय,जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शाही, पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र , मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्र, सहित अन्य अधिकारी, पुलिस, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि व आम नागरिक मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में राज्यमंत्री तो कलेक्ट्रेट में डीएम ने किया ध्वजारोहण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। जनपद अमेठी में 76वां गणतंत्र दिवस बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया उसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया गया।राष्ट्रगान के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामुहिक रूप से संविधान में उल्लिखित संकल्प दिलाया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में समस्त अधिकारियों कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं जनपद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा

**कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित**

**पुलिस लाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित**

कि आज का दिन अमेठी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि आज हम सब लोग पहली बार नवीन कलेक्ट्रेट भवन में गणतंत्र दिवस मना रहे हैं लगभग चौदह वर्ष बाद हम लोगों को नया कलेक्ट्रेट भवन मिला है। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन संविधान अंगीकृत हुआ था आज पूरे देश के लिये बहुत महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन हमें नहीं पहचान मिली थी उसे हम सभी को संजोकर रखना है संविधान के महत्व को हम अपने जीवन में आत्मसात करें उसे साथ लेकर चलें यही हम सबकी देश के प्रति सच्ची देशभक्ति होगी।जिलाधिकारी ने कहा कि हमें इस आजादी की रक्षा, देश व समाज का निर्माण, प्रेम तथा सदभावना व मेलजोल से रहना तथा सभी धर्मो का आदर करते हुये देश में अशांति और अराजकता फैलाने वाली शक्तियों के नापाक इरादों को पराजित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को जो भी दायित्व दिया गया हैं उनका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। इसके उपरांत उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, परमानंद मिश्रा, चंद्रभानु यादव, श्याम सुंदर गुप्ता, देवराज सिंह व सुरेंद्र बहादुर सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

# चेयरमैन ने पौधारोपण करने के साथ-साथ किया झंडारोहण कर्मचारियों को बांटे ट्रैक सूट और सुरक्षा उपकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में नगर पालिका कार्यालय पर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों को ट्रैक सूट, हेलमेट व जूते वितरित किए गए। प्रत्येक वार्ड को एक-एक बैटरी चलित स्प्रे मशीन वितरित की गई।इस अवसर पर पालिका परिसर में पौधा रोपण किया गया।रविवार सुबह गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर पालिका कार्यालय में पालिका डॉ आस्था अग्रवाल ने प्रभारी अधिशासी अधिकारी एसडीएम आशुतोष गुप्ता, सभासदों और पालिका के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे देश का संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में से एक है। सभी भारतवासी गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति की भावना से यह दिवस मना रहे हैं। नगर पालिका की कर्मचारी भी सुबह से शहर सजाने में लगे हुए हैं और वह सर्दी गर्मी बरसात हर मौसम में जी जान से सेवा कार्य में लगे रहते हैं। आज गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्मचारियों को ट्रैक सूट सुरक्षा उपकरण दिए जा रहे हैं, जिससे कि वे कार्य करते समय उसका उपयोग कर सकें।

प्रत्येक वार्ड के लिए बैटरी चलित स्प्रे मशीन दी जा रही है। जिससे कि गालियों मोहल्ले में कीटनाशक का स्प्रे हो सकेगा और शहर में डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव हो सकेगा। इस अवसर पर नानू फौजी और उसके साथियों ने सभी को तिरंगा झंडा भेंट किया। पालिका परिसर में पौधा रोपण करने के उपरांत मिष्ठान वितरित किया गया।इस अवसर पर सभासद रत्ना शुक्ला, वतन दीप मिश्रा, साकेत सक्सेना, राजेंद्र भारती, राजू फौजी, राशिद हुसैन, निर्मल सिंह टीटू, मोनू मिश्रा, मोहन स्वरूप, निज़ाकत अली कादरी, चेतन गंगवार सहित काफी संख्या में पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## नवनिर्वाचित चेयरमैनो का मंत्री प्रतिनिधि ने किया स्वागत

पीलीभीत। पड़ोसी राज्य उत्तराखंड की नगर पालिका परिषद खटीमा के नवनिर्वाचित चेयरमैन रमेश जोशी और नानकमत्ता नगर पंचायत के निर्विरोध निर्वाचित चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना से भेंट कर नवीन दायित्व हेतु बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल,खटीमा के प्रमुख युवा भाजपा नेता आनंद अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुर गोयल व अति प्रिय बालसखा एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता और खटीमा में इस चुनाव की कमान संभाल रहे मनोज वाधवा समेत कई भारतीय जनता पार्टी के अनेक ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धुओं की गरिमामयी उपस्थित रही हैं।

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर परिषदीय विद्यालय में हुई प्रतियोगिताए विजेताओं को प्रधानाध्यापक ने वितरण किए पुरस्कार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम ग्राम प्रधान राम बेटी ने ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान एवं झंडा गान गाया गया। ग्राम प्रधान द्वारा भारत माँ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना द्वारा बच्चों को गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके पश्चात स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा 1 तथा 2 की छात्राओं शीतल, योगिता, निर्मला,अलका, बरखा, साधना वर्मा, सोनाक्षी देवी आदि ने आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 5 की छात्राओं मीनाक्षी वर्मा, दीपमाला,खुशबू,रोशनी, अंजली, रजनी, संध्या, अश्विनी और रश्मि वर्मा ने भारत है पहचान मेरी और तिरंगा शान मेरी गीत पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को भाव विभोर कर दिया। इसी प्रकार कक्षा 4 की छात्राओं सोनाक्षी, क्रांति, पल्लवी, साधना, जशोदा, प्रांशी, साधना देवी और रोशनी ने लहरा दो लहरा दो सर पर जीत का परचम लहरा दो गीत पर देश प्रेम से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कक्षा 3 की छात्राओं सोनी, आस्था शर्मा, गुंजन, वर्षा और राधा आदि ने मेरे प्यारे वतन तुझको शत शत नमन गीत पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए सभी को देशभक्ति से भर दिया। कक्षा 4 और 5 के छात्रों अतुल, जतिन, ऋषभ, विकास, प्रिंस, निशांत, अनुज, विपिन, प्रकाश और आयुष आदि ने इंडिया वाले गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कक्षा 5 के छात्र राजन ने मेरे प्यारे वतन तुझको शत शत नमन गीत गाकर प्रभावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजन, मीनाक्षी वर्मा, अतुल कुमार, कौशल राज, दीपमाला, रजनी, ऋषभ और झलक वर्मा विजेता बने। इसी प्रकार 50 मीटर दौड़ का भी आयोजन किया गया जिसके बालक वर्ग में कृष्णा, राजन और प्रकाश जबकि बालिका वर्ग में मीनाक्षी वर्मा, दीपमाला और पल्लवी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कैरम प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अतुल कुमार विजेता और दीपक मौर्य उपविजेता बने जबकि बालिका वर्ग में मीनाक्षी वर्मा विजेता और रजनी उपविजेता बनीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी विद्यार्थियों और प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर परअंजना शुक्ला, ममता देवी और प्रगति धामी के साथ-साथ विभिन्न अभिभावक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहे हैं।

# नगर पालिका ने राम लीला मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह 2025 का किया भव्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह को पालिका द्वारा श्री रामलीला मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसका शुभारम्भ व्यापारी नेता हंसराज गुलाटी, राम बहादुर गुप्ता,डॉ. दिनेश गुप्ता,अजय खंडेलवाल, अजमेर सिंह छीना, उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,अमरजीत सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष एवं सभासद गणों द्वारा पूजन उपरांत सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ.सुधीर गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा, रितुराज पासवान,हंसराज गुलाटी, राजेंद्र आर्या,अजमेर सिंह छीना,रामबहादुर गुप्ता, अजय खंडेलवाल,विजय पाल 'विक्की' व अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगी कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।जिसमें फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य जूनियर व सीनियर वर्ग, सामूहिक नृत्य व विशेष प्रदर्शन जैसी प्रतियोगितायें आयोजित हुईं। निर्णायक मण्डल के द्वारा घोषित परिणामों के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विभिन्न स्कूलों के मेधावी बच्चों को जो अपने विद्यालयों में शीर्ष पर रहे, पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही क़ई सामाजिक संगठनों, समाजसेवियों, पत्रकार बन्धुओं को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर क़ई विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यापक, अध्यापिका व बच्चे उपस्थित रहे।प्रतियोगिताओं में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आर. एस.आर.डी. ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीनों पुरस्कारों पर अपना कब्ज़ा किया। एकल नृत्य जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल से वैदेही बाजपेई ने प्रथम, सेंट जोसफ सीनियर सेकंडरी स्कूल से अक्षरा लोधी ने द्वितीय व बामया पब्लिक स्कूल से अनन्या ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। एकल नृत्य सीनियर वर्ग में लकी चिल्ड्रेन स्कूल से हर्षाली प्रधान ने प्रथम, जागृति गृहिणी तिनिश से स्मिता ने द्वितीय व बामया पब्लिक स्कूल से काव्या ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। जबकि सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में जेसीज रिवर्डल स्कूल ने प्रथम, भसीन इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया।

साथ ही जे.आर.प्रिपरेटरी स्कूल और बामया पब्लिक स्कूल ने सांत्वना पुरुस्कार प्राप्त किया।विशेष प्रदर्शन की श्रेणी में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, गन्ना कृषक महाविद्यालय व डायमंड हॉकी क्लब को सम्मानित किया गया।

निर्णायक मण्डल में डॉ.दिनेश गुप्ता, संगीता सिंघल व गीता राठौर ने अपनी भूमिका अदा की। जबकि मंच का संचालन सलिल आज़ाद, सुगंध अग्रवाल बाजपेई ने किया। कार्यक्रम संयोजक एवं व्यवस्थापन की भूमिका विवेक तिवारी ने निभाई। कार्यक्रम की मेजबानी सभासद गणों द्वारा की गयी जिसमें विकास गुप्ता अध्यक्ष सभासद संघ,सौरभ सक्सेना 'रासू' अनुज कुमार गुप्ता, सुशील कुमार, गौरव जायसवाल, उदित सिंह, सूरज बाथम, विनीता शेर सिंह यादव, मो.शरीफ, तौफीक अहमद कादरी, राजेश कुमार 'मिंटू', मो. हनीफ, साजिद अली, नादिर रज़ा, मो.जावेद, नदीम अंसारी उपस्थित रहे। नगर पालिका स्टॉफ में दिनेश भारती, दुर्वेश कुमार, अखिलेश मिश्रा, बालक राम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर पूरे क्षेत्र से समस्त सम्मानित गण मान्य व सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं।

# नगरीय प्रशिक्षण शोध संस्थान में प्रतिभाग करने लखनऊ पहुंची चेयरमैन डाक्टर आस्था अग्रवाल

पीलीभीत।नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान लखनऊ के संविधान एवं नियमावली के अंतर्गत प्रबंध मंडल की बैठक में प्रतिभाग करने लखनऊ पहुंची। प्रबंध मंडल की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्णय लिए गए बैठक नगरीय प्रशिक्षण शोध संस्थान लखनऊ के भवन परिसर में स्थित पंचम तल सभा कक्ष में आयोजित हुई।नगरीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ के संविधान नियमावली के प्रबंध मंडल की बैठक में गोरखपुर के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव,पीलीभीत की नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल,नगर आयुक्त नगर निगम लखनऊ इंद्रजीत सिंह,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बक्शी का तलाब लखनऊ इंद्रभान,अध्यक्ष नगर पंचायत कानपुर देहात अंशु त्रिपाठी और उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण लखनऊ में बैठक में प्रतिभाग किया। नगरीय प्रशिक्षण शोध संस्थान प्रबंधन मंडल की तृतीय बैठक में लिए गए निर्णय के सापेक्ष अनुपालन आख्या पर अनुमोदन दिया गया। वर्ष 2025- 26 हेतु प्रशिक्षण कैलेंडर पर विचार विमर्श किया गया। प्रति नियुक्ति के आधार पर भरे जाने वाले पदों हेतु अहर्ता की नियम व शर्तों के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। नगर विकास विभाग के अंतर्गत अधिकारियों कर्मचारियों को बाधक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु विधि विशेषज्ञ को लिए जाने का प्रस्ताव रखा गया। नगरीय एवं शोध संस्थान उत्तर प्रदेश लखनऊ के परिसर में एक गेस्ट हाउस का निर्माण किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय व्यय के विवरण को अनुमोदन प्रदान किया गया और आगामी वित्तीय वर्ष 2025- 26 का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई है।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसान नेताओं ने निकाली ट्रैक्टर रैली

पूरनपुर।गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा ने एक अनोखी ट्रैक्टर रैली निकल कर इसका शुभारंभ किया है। किसान नेताओं ने नेशनल हाईवे पर सैकड़ो ट्रैक्टर एकत्र किए उसके बाद रैली की शक्ल में हाईवे से होते हुए कोतवाली रोड पर पहुंच कर सैकड़ों ट्रैक्टर के साथ अपनी विभिन्न मांगों के साथ तहसील परिसर मे संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।जिसमें एमएसपी कानून के साथ,स्वामी नाथन रिपोर्ट,खनौरी, दिल्ली बॉर्डर पर बैठे किसानों के समर्थन सहित कई मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## ब्लॉक मरौरी में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुआ ध्वजारोहण उपस्थित रहे कर्मचारी

पीलीभीत।76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखंड मरौरी मुख्यालय पर धूमधाम से तिरंगा फहराया गया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता बर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया हैं ।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति के रंग में हुआ वातावरण देखा गया। ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने अपने संबोधन में देश की एकता और अखंडता के लिए सभी को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन हम अपने देश के संविधान और लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं ।कार्यक्रम उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता और अखंडता की भी शपथ ली है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे को मिलकर इस राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।


# कार्यालय ग्राम पंचायत बहुता विकासखण्ड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पंत्रांक- मेमो /ग्रा.पं. निविदा/2024-25 दिनांक-

ग्राम पंचायत बहुता में मनरेगा/पन्द्रवां वित्त/पंचम राज्य वित्त से पंचायत भवन निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु निविदा वित्तीय सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता 15-02-2025 से 22.02.2025 सायं 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा वन्छित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा करा सकते है। निविदा दिनांक 24-02-2025 को दोपहर 2.00 बजे के बाद कमेटी द्वारा खोली जायेगी। आवेदन पत्र का मूल्य रू.100 निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | | आपूर्ति की जाने वाली साम्रगी का विवरण | मद का विवरण | स्वीकृक प्राक्कलन की धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | 161397.00 | 155000.00 | 485222.50 | 801619.50 |
| 2. | सेंट्रल/स्टेट फंड | | - | 757781.50 | 757892.50 |
| | ग्रांड टोटल- | 161397.00 | 155000.00 | 1243004.00 | 1559401.00 |
| | | | | | 15.60 लाख |

नियम शर्ते-

1. आपूर्तिकर्ता (कर्म) जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
2. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने के कार्य हेतु अपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने व बिलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को अपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी।
3. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जाएगा।
4. निविदा ग्राम पंचायत की कार्य योजना में सम्मिलित कार्यों के अनुसार अलग अलग देय है।
5 प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।
6. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का शपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी ग्राम प्रधान ब्लाक प्रमुख या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से संबंधित नहीं है। अधिक जानकारी हेतु अपर मुख्य सचिव महोदय के आदेश पत्र संख्या 137/38.7.2022.63 नरेगा / 2009 दिनांक 21मार्च 2022 में दिए आदेश का अवलोकन अवश्य कर लें।

श्री दुर्गेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बहुता
विकासखण्ड त्रिवेदीगंज
जनपद बाराबंकी

श्रीविनय कुमार शुक्ला
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बहुता
विकासखण्ड हैदरगढ़
जनपद बाराबंकी



# कार्यालय ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मुगारी, प्रयागरज

पत्रांक/ ग्रा0 पं0 वि0अधि / कोटेशन दिनांक 27.01.2025

**टेण्डर / कोटेशन**

मनरेगा एस0एल0डब्लू / एस0बी0एम0/एफ0एफ0सी0/ पंचम वित्त / प्रन्द्रहवां वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुगारी विकास खण्ड करछना में अधोलिखित कार्यों के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति भाडा सहित पहुँचा कर आपूर्ति हेतु आपूर्ति कर्ता से आगणन / प्राक्कलन के सील बन्द लिफाफ़े में टेण्डर / कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 02 प्रति दिनांक 28-01.25 से दिनांक 10.02.25 को अपराहन 03:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेण्डर / कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता अपना कोटेशन / टेण्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते है नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है। तथा टेण्डर फार्म की विकी उक्त अवधि मे कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी । किसी एक व समस्त टेण्डर / कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा । टेण्डर / कोटेशन दिनांक 11.02.25 को अपरान्ह 4.00 बजे पर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर / कोटेशन फार्म कार्यालय मे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 11. 02. 25 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपरान्हन तक जमा किया जा सकता है। निम्नांकित कार्य पर जिस जिस जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यालय / नोटिस बोर्ड पर चस्पा है । उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी0 एस0 टी0 का भुगतान किया जायेगा जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी0 एस0 टी0 जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर भी उक्त नियम एवं शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य मे उक्त फर्म को काली सूची मे डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी ।

| क0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) साम्रगी अंश | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | शेरा के घर से राम जतन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 5 लाख | 3 माह |
| 2. | चनैनी तारा पर राजेश के घर नाले तक खंडजा कार्य | 3 लाख | 3 माह |
| 3. | कुन्नू के घर से नाले तक खड़जा कार्य | 3 लाख | 3 माह |
| 4. | स्ट्रीट लाइट 40 नग | 2 लाख | 3 माह |

गुजराता देवी
प्रधान
ग्रा.पं. मुगारी
वि. खं. करछना पयागराज

प्रफुल्ल कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मुगारी
वि. खं. करछना पयागराज

# लाउडस्पीकर पर रोक

गाहे-बगाहे कोर्ट की सख्ती के बावजूद विभिन्न धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल बंद नहीं हुआ। दिनभर के थके-हरे लोग जब घर में आराम करते हैं तो लाउडस्पीकरों की तीव्र ध्वनि उनकी शांति में खलल डालती है। डॉक्टर भी कहते हैं कि नींद में किसी भी तरह का व्यवधान व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। फिर जो लोग पहले से बीमार होते हैं,उनके लिये तो तेज शोर असहनीय होता है। लेकिन वर्तमान ध्रुवीकृत समाज में लाउडस्पीकरों का बेलगाम शोर प्रतिष्ठा का मुद्दा बन जाता है। लोग परेशान होने पर भी शिकायत नहीं करते। उन्हें डर होता है कि धार्मिक समूह उन्हें निशाना बना सकते हैं। विडंबना यह है कि नियामक एजेंसियां भी स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई नहीं करती। इस बाबत दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार शोर-शराबे पर काबू करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि लाउडस्पीकरों का इस्तेमाल किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। इसलिए ध्वनि प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने पुलिस से कहा कि धार्मिक स्थलों पर लगाए गए लाउडस्पीकरों के शोर को मापने के लिए ऐप का प्रयोग करे ताकि नियम का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके। उन पर जुर्माना लगे। फिर भी उल्लंघन होने पर प्रबंधकों व संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। यहां तक कि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता की सुरक्षा के मद्देनजर उसकी पहचान गोपनीय रखी जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के भीतर ऐसा सिस्टम लगे, जो उसकी ध्वनि के स्तर को स्वतरू नियंत्रित करे। न्यायाधीशों की दो सदस्यीय बेंच ने माना कि निर्धारित मानक से अधिक शोर सेहत पर प्रतिकूल असर डालता है। अतरू कोई व्यक्ति इसके इस्तेमाल को अपना अधिकार नहीं बता सकता। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक स्थलों से होने वाले शोर पर नियंत्रण के लिये ठोस प्रयास करे। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों तथा जनसमूह को संबोधित करने वाले सिस्टम की शोर सीमा को नियंत्रित करे। नियामक एजेंसियां निगरानी व शोर नापने के लिये ऐप प्रयोग करे। नियमानुसार दिन में ध्वनि का स्तर 55 तथा रात में 45 डेसिबल से अधिक नहीं हो। दरअसल, मुंबई में कुर्ला क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल से निर्धारित मानकों से अधिक स्तर का ध्वनि प्रदूषण रोकने में पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ यह याचिका दायर की गई थी। वास्तव में लोग तभी शिकायत करते हैं जब ध्वनि का स्तर सहने की सीमा पार कर जाता है। अदालत ने शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रख कर कार्रवाई करने को कहा ताकि उसे सांप्रदायिक आधार पर निशाना न बनाया जा सके। यदि जुर्माना लगाने के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो पुलिस धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को जब्त करे। फिर उसके लाइसेंस को रद्द करने की कार्रवाई करे। साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियंत्रक नियमों तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो। कोर्ट माना कि कठोर कानून के अभाव में लाउडस्पीकरों के उपयोगकर्ता नियम-कानून को नजरअंदाज करने लगते हैं। नियामक एजेंसियों की निष्क्रियता पर चिंता जताते हुए अदालत का कहना था कि लोग ध्वनि प्रदूषण को लेकर संविधान में वर्णित अभिव्यक्ति व धार्मिक आजादी का तर्क देते हैं, लेकिन इस पर रोक लगाना किसी भी स्थिति मे मौलिक अधिकारों का अतिक्रमण नहीं है। अतरू ध्वनि की कर्कशता पर अंकुश लगाकर लोगों को राहत दी जानी चाहिए। दरअसल, पुलिस ऐसे मामलों में इसलिए भी उदासीन रहती है कि कहीं उन पर धार्मिक भावनाएं आहत होने का आक्षेप न लगा दिया जाए। कमोबेश यह स्थिति पूरे देश में और विगत में आए अदालत के फैसले की भी अनदेखी की जाती रही है। कई बार तो प्रशासन की अनुमति के बिना सार्वजनिक कार्यक्रमों का लाउडस्पीकरों से संबोधन बदस्तूर जारी रहता है। लोग इसलिये भी शिकायत नहीं करते हैं ताकि कोई टकराव न हो। धर्म विशेष के लोग उनके घरों के आसपास ही रहते हैं। ऐसे में उन्हें हिंसा की आशंका रहती है। निस्संदेह, नियंत्रण के लिए ढाई दशक पहले बनाये गए ध्वनि प्रदूषण विनियमन व नियंत्रण नियमों को बदलते वक्त के साथ प्रभावी बनाने की जरूरत है।

# स्वत्व स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन समर्पित

## (लाला लाजपतराय जयंती पर विशेष)

स्वाधीनता संघर्ष केवल राजनैतिक या सत्ता के लिये ही नहीं होता। वह स्वत्व, स्वाभिमान, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक अस्मिता के लिये भी होता है। इस सिद्धांत के लिये अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे पंजाब केसरी लाला लाजपतराय। उनका जन्म 28 जनवरी 1865 को फिरोजपुर में हुआ था। उनका परिवार आर्यसमाज से जुड़ा था। अपने क्षेत्र के सुप्रसिद्ध व्यवसायी उनके पिता मुंशी राधा कृष्ण आजाद संस्कृत के विद्वान थे, उन्हें फारसी और उर्दू का भी ज्ञान था। माता गुलाब देवी भी विदुषी थीं। सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पण के संस्कार लाला लाजपतराय को बचपन से मिले थे। आर्य समाज से संबंधित होने के कारण वे अपनी बात को तथ्य और तर्क के साथ रखना उनके स्वभाव में आ गया था। घर में आध्यात्मिक और धार्मिक पुस्तकों का मानों भंडार था। इनके अध्ययन के साथ उन्होंने वकालत की परीक्षा उत्तीर्ण की और रोहतक तथा हिसार आदि नगरों में वकालत की। वे जहां भी रहे, उन्होंने ऐसी टोलियां बनाईं और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों का प्रतिकार किया। सामाजिक और वकालत के जीवन में प्रतिकार का यह दायरा और बढ़ा। वे असामाजिक तत्वों के साथ शासकीय कर्मचारियों द्वारा जन सामान्य के साथ किये जाने वाले शोषणपूर्ण व्यवहार का भी खुलकर प्रतिकार करते थे। इससे उनकी ख्याति बढ़ी। इससे वे लोकप्रिय हो गये। निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक शृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है। 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाए और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कांग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कांग्रेस अधिवेशन में स्वायत्ता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायत्ता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा। लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद ''त्रिदेवों'' एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने ''लाल, बाल, पाल'' के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था। इस टोली ने स्वतंत्रता संग्राम में वो नये नये नारे दिये, असहमति और विरोध के स्वर मुखर किये तथा भारतीय समाज में स्वत्व और स्वाभिमान जागरण का अभियान चलाया । इसके चलते इस लाल-बाल-पाल को पूरे देश में भारी समर्थन मिला। स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील 1906 में इसी तिकड़ी ने की थी जिसे बाद में गांधी जी ने अपनाया। ब्रिटेन में तैयार हुए सामान का बहिष्कार और व्यावसायिक संस्थाओं में हड़ताल का यह क्रम 1906 से ही आरंभ हो गया था। लालाजी के विचारों में स्पष्टवादिता थी। वे स्वावलंबन और स्वाधीनता की बात खुलकर करते थे। कांग्रेस में एक समूह ऐसा था जो नागरिक सम्मान और नागरिक अधिकार की बात तो करता था किन्तु स्वाधीनता की बात खुलकर नहीं करता था। इसलिये तब कांग्रेस में दो दल माने गये। एक नरम दल और दूसरा गरम दल। लालाजी गरम दल के नेता थे। वे इसी नाम से लोकप्रिय हुए। लाला लाजपत राय अक्टूबर 1917 में अमेरिका गए, वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में ''इंडियन होम रूल लीग ऑफ अमेरिका'' नामक संगठन की स्थापना की। यह संगठन अमेरिका में भारतीय जनों की स्वाधीनता की आवाज उठाने का माध्यम बना। लालाजी तीन साल अमेरिका रहे। उन्होने वहाँ रहने वाले भारतीयों और भारतीय जनों से सद्भाव रखने वाले लोगों को जोड़ा। तीन साल बाद फरवरी 1920 को लाला जी भारत लौटे। वे देशवासियों के महान नायक बन चुके थे। 1920 में उन्होंने कलकत्ता में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन में एक खास सत्र की अध्यक्षता की। जलियांवाला बाग हत्याकांड के खिलाफ उन्होंने पंजाब में एक बड़ा आंदोलन किया। उन्होंने पंजाब में 1920 में असहयोग आंदोलन का नेतृत्व किया। लेकिन लालाजी असहयोग आंदोलन में खिलाफत आंदोलन को जोड़ने के पक्ष में नहीं थे। इसलिये उन्होंने कांग्रेस इंडिपेंडेंस पार्टी का गठन किया। साइमन कमीशन 3 फरवरी 1928 को भारत पहुंचा। उसका विरोध करने वालों में लालाजी अग्रणी थे। यह कमीशन भारत में संवैधानिक सुधारों की समीक्षा एवं रपट तैयार करने के लिए बनाया गया था, इसमें कुल सात सदस्य थे। कहने के लिये यह संवैधानिक सुधार आयोग था पर उसका उद्देश्य भारत में एक ऐसा संवैधानिक ढांचा तैयार करना था जो अंग्रेजों की मंशा के अनुरूप काम करे और भारतीय समाज और व्यवस्था पर अपना नियंत्रण और मजबूत कर सके। इसलिए इसका पूरे देश में भारी विरोध हुआ। लोग सड़कों पर निकल कर धरना प्रदर्शन करने लगे । ''साइमन वापस जाओ'' का नारा पूरे देश में गूंज उठा। 30 अक्टूबर, 1928 को लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध में एक प्रदर्शन का आयोजन हुआ। जिसका नेतृत्व लालाजी कर रहे थे। प्रदर्शन में भारी जनसैलाब उमड़ा। इसे देखकर अंग्रेज अधिकारी सैंड्रस बुरी तरह बौखलाया। उसने प्रदर्शन कारियों पर लाठीचार्ज का आदेश दे दिया। पुलिस ने प्रदर्शन कारियों को बुरी तरह पीटना आरंभ कर दिया। लाला लाजपत राय ने पुलिस को रोकना चाहा। इससे अंग्रेज अफसर और भड़के तथा लालाजी पर ही प्रहार आरंभ कर दिये दिया उन्हें घेरकर लाठियों से बुरी तरह पीटा गया। इससे लालाजी घायल हो गए। किसी प्रकार उन्हे उठाकर ले जाया गया। शरीर का ऐसा कोई अंग न था जहां चोट न लगी हो। उनका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा और 17 नवंबर, 1928 को उन्होंने संसार से विदा ले ली। –रमेश शर्मा

निजी जीवन में उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती से विधिवत दीक्षा ली और आर्य समाज के विस्तार में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाला हंसराज एवं कल्याण चन्द्र दीक्षित के साथ मिलकर महर्षि दयानन्द एंग्लो वैदिक विद्यालयों की मानो एक शृंखला ही स्थापित की। इनमें से अनेक संस्थान आज भी संचालित हैं। आज इन्हें डीएवी स्कूल्स व कालेज के नाम से जाना जाता है। 1890 से 1900 के बीच देश के अनेक स्थानों पर किसी महामारी का प्रकोप आया। लालाजी ने इस पीड़ित मानवता की सेवा के लिये और अनेक स्थानों पर शिविर लगाए और स्वयंसेवकों की टोलियां बनाकर पीडितों की सेवा की। 1893 में अखिल भारतीय कांग्रेस का अधिवेशन लाहौर में हुआ। इसकी अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की। लालाजी इस अधिवेशन में कांग्रेस के सदस्य बने और समाज सेवा के साथ वे राजनैतिक क्षेत्र में भी सक्रिय हुये। कांग्रेस का यह पहला अधिवेशन ऐसा था, जिसमें स्वतंत्रता की भी बात उठी और इस बात को उठाने वाले लाला लाजपतराय थे। पर तब इस बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। चूंकि कांग्रेस तब नागरिक अधिकार और समानता की ही बात कर रही थी। जब कांग्रेस अधिवेशन में स्वायता पर एकराय न बन सकी तो लालाजी ने नौजवानों को संगठित कर स्वायता का वातावरण बनाने का अभियान छेड़ा। लालाजी चाहते थे कि भारतीय नौजवान अपने इतिहास के महापुरुषों और आदर्श चरित्र को समझें। इसके लिये उन्होंने स्वयं साहित्य रचना की इन रचनाओं में शिवाजी महाराज, भगवान श्रीकृष्ण, मैजिनी, गैरिबॉल्डी एवं कई अन्य महापुरुषों की जीवनी हिन्दी में लिखीं। उन्होंने देश में और विशेषतः पंजाब में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का भी अभियान चलाया। देश में संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी को स्थापित करने के लिये एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और संकल्प पत्र भी भरवाये। अंग्रेजों ने जब साम्प्रदायिक आधार पर बंगाल का विभाजन किया गया था तो लाला लाजपत राय ने बंगाल के सुप्रसिद्ध नेताओं सुरेंद्रनाथ बनर्जी और विपिनचंद्र पाल से मिलकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया। इसी आंदोलन के बाद ''त्रिदेवों'' एक टोली बनी जिसमें लाजपतराय, विपिन चंद्र पाल बाल गंगाधर तिलक थे। इस टोली को इतिहास ने ''लाल, बाल, पाल'' के नाम से जाना। इस तिकड़ी ने मानो ब्रिटिश शासन की नाक में दम कर दिया था।

# ट्रम्प की नीतियों से बढ़ सकता है भारत का आर्थिक संकट

**डॉ.अजीत रानाडे**

डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के सैंतालीसवें राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। अपने दूसरे प्रयास में उन्होंने यह बड़ी चुनावी जीत हासिल की। इसके साथ ही वे एकमात्र पूर्व और पदारुढ़ अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिन्हें ऐसे अपराध में दोषी ठहराया गया है जिसमें आम तौर पर कठोर जुर्माना या जेल की सजा होती है। तो भी सजा सुनाने वाले न्यायाधीश ने होने वाले राष्ट्रपति को दंडित करने से इनकार कर दिया और उन्हें बिना शर्त छोड़ दिया। उनके खिलाफ तीन अन्य आपराधिक और गुंडागर्दी के मामले भी हैं जिनमें कार्रवाई कभी भी शुरू हो सकती है या शायद नहीं भी हो सकती है। अपराधी के रूप में दोषी ठहराए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प को अब कई देशों में प्रवेश से इनकार करने का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि भारत भी दोषी ठहराए गए अपराधियों को वीजा नहीं देता है। राष्ट्रपति ट्रम्प जिन देशों की यात्राएं करना चाहते हैं उन देशों के लिए यह एक संवेदनशील राजनयिक चुनौती पेश करने वाला विषय है। ट्रम्प के राष्ट्रपति पद की यह एक अभूतपूर्व शुरुआत है। उनके लंबित आपराधिक मामलों की जानकारी होने के बावजूद लोगों ने उन्हें बहुत निर्णायक रूप से वोट दिया है। ट्रम्प ने जिन नीतियों की घोषणा की है तथा जिन्हें वे लागू करने की योजना बना रहे हैं, वे योजनाएं और भी लोकप्रिय हैं। उनके चुनावी समर्थन की तुलना में उनकी नीतियों को दस प्रतिशत अधिक अनुमोदन रेटिंग प्राप्त है। वे नीतियां क्या हैं? इनमें अवैध विदेशियों के खिलाफ कड़े कदम, एच1बी वीजा पर आने वाले वैध विदेशियों का प्रवेश प्रतिबंधित करना, विशेष रूप से मैक्सिको, कनाडा और चीन से आने वाले सामानों पर उच्च आयात शुल्क लगाना शामिल है। उनके समर्थक व अन्य लोग भी इस बयानबाजी पर विश्वास करने लगे हैं कि विदेशी उत्पादक अमेरिकी उपभोक्ता बाजार का श्दोहनश करते हैं और अमेरिकी नौकरियों की चोरी करते हैं। इसलिए ट्रम्प के नए कार्यकाल में अब विदेशी आपूर्तिकर्ताओं को अमेरिकी उपभोक्ता तक मुफ्त पहुंच उपलब्ध नहीं होने दी जा रही है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2016 से 2020 तक उन्होंने अमेरिका में आयात किए जा रहे लगभग एक लाख करोड़ डॉलर के सामान पर उच्च टैरिफ लगाया था। वह टैरिफ अब और भी ज्यादा होगा। अमेरिकी आयकर विभाग की श्आंतरिक राजस्व सेवाश का अनुकरण करते हुए उन्होंने श्बाहरी राजस्व सेवाश स्थापित करने की घोषणा की है। ट्रम्प अपने मतदाताओं से कहते हैं कि अपनी जेब काटने के बजाय मैं उन गंदे विदेशियों की जेबें काटने जा रहा हूं जो मुक्त बाजार पहुंच का अनुचित लाभ उठाते हैं। ट्रम्प 2.0 की नीतियों का भारत पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। सबसे पहले, अमेरिका में आने वाले चीनी सामानों पर उच्च शुल्क, जिसके कारण चीन उन उत्पादों को तीसरे देशों में भेज देगा। चीन मंदी और क्षमता से अधिक उत्पादन का सामना कर रहा है। इसका अर्थ यह है कि चीनी बहुत कम कीमत पर अन्य देशों में माल डंप करने की कोशिश करेगा जिनमें विशेष रूप से स्टील, अलौह धातुओं, उपभोक्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों जैसी वस्तुएं शामिल हो सकती हैं। पहले से ही चीन के साथ भारत का 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार घाटा है जिसे कम करना मुश्किल साबित हो रहा है। दूसरा प्रभाव सस्ता रूसी कच्चे तेल खरीदने के खिलाफ प्रतिबंधों के माध्यम से है। भारत को सस्ते कच्चे तेल की खरीद और अमेरिका व यूरोप को परिष्कृत पेट्रोल और डीजल निर्यात करने से फायदा हुआ। इसकी बारीकी से जांच होने की उम्मीद है तथा मामला और अधिक बिगड़ जाएगा। तीसरा प्रभाव मजबूत डॉलर के माध्यम से होता है जिसका अर्थ है रुपये का और कमजोर होते जाना। यह विदेशी निवेशकों को परेशान करता है और यह बड़े पैमाने पर पूंजी के बाहर जाने के रूप में परिलक्षित हुआ है। इस वर्ष जनवरी में यानी 17 जनवरी तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 47,000 करोड़ यानी करीब 6 अरब डॉलर की निकासी की है और शेयर बाजार को बड़ी टक्कर मिली है। इस जनवरी में हुई यह निकासी 2008 के बाद से सबसे अधिक है। डॉलर की निकासी से रुपया गिरकर 87 पर आ गया है। इसमें और गिरावट आ सकती है। रुपये की मजबूती को बचाने की कोशिश में भारतीय रिजर्व बैंक डॉलर बेचता है। जैसे ही एफआईआई बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है, डॉलर की कमी उभरकर सामने आती है जिससे रुपया कमजोर और डॉलर मजबूत हो जाता है।

## सेहत मंत्र

# औषधीय गुणों का खजाना है तुलसी के बीज

आयुर्वेद में तुलसी के पौधे को औषधीय गुणों का खजाना माना जाता है। इस पौधे का हर हिस्सा दवा बनाने के काम आता है। तुलसी के पत्तों के फायदे के बारे में तो आप जानते ही होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुलसी के बीज भी हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। तुलसी के बीज में भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जो कई तरह की बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। सर्दी-खांसी में तुलसी के बीज बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। सर्दी लगने पर तुलसी के बीज का काढ़ा बनाकर पीने से खांसी-जुकाम में जल्द राहत मिलती है। यह सूखी खांसी दूर करने में एक कारगर घरेलू नुस्खा है। इसके साथ ही तुलसी के बीज का काढ़ा पीने से फ़ेफड़ों में जमा कफ को बाहर निकालने में मदद मिलती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो तुलसी के बीज का सेवन आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। इसमें भरपूर मात्रा में ओमेगा 3 फैटी एसिड और फाइबर होता है। तुलसी के बीज का सेवन करने से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है और इससे वेट लॉस में मदद मिलती है। आप चाहें तो तुलसी के बीज की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। तुलसी के बीज हमारी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। तुलसी के बीज से त्वचा में नई कोशिकाओं के विकास को बढ़ाने में मदद मिलती है। तुलसी के बीज को नारियल के तेल में मिलाकर त्वचा पर लगाने से एग्जिमा और सोरायसिस जैसी त्वचा संबंधी बीमारियों के इलाज में मदद मिलती है। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी तुलसी के बीज का सेवन फायदेमंद है। इसमें मौजूद डाइटरी फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को कम करने में मदद करता है। इसके लिए रात में सोने से पहले एक गिलास पानी में तुलसी के बीज को भिगो दें। सुबह दूध के साथ बीज को मिलाकर पी लें। इससे शुगर लेवल कम करने में मदद मिलेगी। तुलसी के बीजों का नियमित सेवन हमारी पाचन क्रिया के लिए भी फायदेमंद होता है। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर मौजूद होता है जिससे कब्ज, दस्त और अपच जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

## धर्म मंत्र

# भगवान गणेश हैं वैभवता एवं शुभता देने वाले देव

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। वे सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। उनका जन्म भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ। गणेशजी शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव ने धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।' सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। ऋद्धि-सिद्धि गणेशजी की पत्नियाँ हैं। वे प्रजापति विश्वकर्ता की पुत्रियां हैं। गणेश की पूजा यदि विधिवत की जाए, तो इनकी पतिव्रता पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि भी प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-शांति-समृद्धि और संतान को निर्मल विद्या-बुद्धि देती है। सिद्धि से 'क्षेम' और ऋद्धि से 'लाभ' नाम के शोभा सम्पन्न दो पुत्र हुए। जहां भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं, मंगलकर्ता हैं तो उनकी पत्नियां ऋद्धि-सिद्धि यशस्वी, वैभवशाली व प्रतिष्ठित बनाने वाली होती है। वहीं शुभ-लाभ हर सुख-सौभाग्य देने के साथ उसे स्थायी और सुरक्षित रखते हैं। जन-जन के कल्याण, धर्म के सिद्धान्तों को व्यावहारिक रूप प्रदान करने एवं सुख-समृद्धि-निर्विघ्न शासन व्यवस्था स्थापित करने के कारण मानव-जाति सदा उनकी ऋणी रहेगी।

## पर्यटन



# ओडिशा में मौजूद हैं खूबसूरत झीलें

ओडिशा टूरिस्ट के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। भव्य मंदिरों, संग्रहालयों और मठ, समुद्र तट, जंगल और हरी-भरी पहाड़ियों के अलावा यहां पर कुछ बेहतरीन झीलें है। ओडिशा की झीलें प्राकृतिक और मानव निमित दोनों हैं और स्थानीय और पर्यटकों दोनों के लिए दर्शनीय स्थल हैं। चिल्का झील सबसे बड़ी और ओडिशा की सबसे लोकप्रिय झीलों में से एक है। भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है और दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी है। हर तरफ हरे भरे जंगलों से घिरा, चिल्का झील पर्यटकों को बर्ड वॉचिंग, पिकनिक, बोटिंग और मछली पकड़ने के लिए बेहतरीन है। चिल्का झील झील की यात्रा के लिए नवंबर से मार्च सही समय है क्योंकि साइबेरिया से बहुत से प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। महानदी नदी के किनारे पर स्थित है और सारनदा हिल्स और बिष्णुपुर हिल्स से घिरा हुआ है, अंसुपा झील में अपार प्राकृतिक सुंदरता और विदेशी वनस्पति और जीव हैं। यह तैरते, जलमग्न और उभरते हुए जलीय पौधों और कई जलीय जीवों का घर है। यह झील न केवल वनस्पति विज्ञानियों और प्राणीविदों को आकर्षित करती है, बल्कि इसकी समृद्ध जैव विविधता भी बेहद लोकप्रिय है। आप यहां पर एक बस झील के किनारे बैठकर, शांत वातावरण का आनंद ले सकता है। छतरपुर शहर के पास स्थित, पाटा झील ओडिशा में मीठे पानी की झीलों में से एक है, जो साल भर पर्यटकों द्वारा घूमती है। खूबसूरत परिवेश से लेकर अपनी स्फूर्तिदायक ताजगी के लिए, पाटा झील काफी सुंदर जगह है और स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल है। यदि आप भुवनेश्वर में हैं, तो कंजिया झील को अपनी सूची में जरूर रखें। शहर के बाहरी इलाके में स्थित, यह झील 66 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई है और इसे प्रमुख जल स्त्रोत माना जाता है। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध जैव विविधता इसे ओडिशा की एक महत्वपूर्ण झील बनाती है। नंदन कानन जूलॉजिकल पार्क से जाने या वापस आते समय लोग आम तौर पर इस झील का दौरा करते हैं। यह जोंक नदी के पास पटोरा गांव में स्थित है। यह झील ओडिशा की लोकप्रिय झीलों में से एक है। चारों ओर से पहाड़ियों और जंगलों से घिरी इस झील की प्राकृतिक सुंदरता उत्कृष्ट है और यहाँ आने वाली ठंडी हवा हर आगंतुक के मन और आत्मा को तरोताजा कर देती है।

# परिवर्तनकारी यात्रा : महाकुंभ 2025 के तीर्थयात्रियों को भारतीय रेल का उपहार



रविन्द्र गोयल,

पूर्व सदस्य, परिचालन और व्यवसाय विकास, रेलवे बोर्ड



महाकुंभ 2025 के अमृत महोत्सव में भारतीय रेल ने सेवा का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। न केवल यातायात की सुविधा बढ़ाने तक यह सेवा सीमित है, बल्कि तीर्थयात्रियों को एक आरामदायक और खुशहाल यात्रा का भी अनुभव प्रदान किया गया है। श्रद्धा और आस्था की पुण्य भूमि प्रयागराज तक यात्रियों को पहुंचाने में भारतीय रेल ने विश्व स्तरीय आतिथ्य सेवा में जो योगदान दिया है, वह सदा स्मरणीय रहेगा। महाकुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजन में रेलवे ने अपने इंफ्रास्ट्रक्चर, सेवाओं और सुविधाओं में बड़े सुधार किए हैं। इसके लिए नए और रचनात्मक उपायों को लागू किया है, जिसमें तरह-तरह की सुविधाएं शामिल हैं। भारतीय रेल कुंभ यात्रियों के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है, जो भविष्य में अन्य बड़े आयोजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है।

## आधुनिक सुविधाओं में तीर्थ यात्रा



भारतीय रेल ने पवित्र संगम की यात्रा को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाने का महत्वपूर्ण काम किया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार ने रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए वित्त पोषण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले दो वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया है। इससे रेलवे स्टेशन आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल गया है।

पहले रेलवे स्टेशन मुख्य रूप से रेलगाड़ियों के रुकने, यात्रियों के चढ़ने-उतरने और सामान ढुलाई के लिए उपयोग किए जाते थे। लेकिन समय के साथ स्टेशनों में सुधार हुआ और अब ऐसा लगता है कि रेलवे स्टेशन तीर्थ यात्रियों के स्वागत के लिए प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की अत्याधुनिक सुविधा सुकून देनेवाले हैं जो यात्रियों को आकर्षित करते हैं। कहा जाए, तो पहले के भीड़भाड़, शोरगुल वाले माहौल से बिल्कुल अलग भारतीय रेल का यह उपहार है आम यात्रियों के लिए।

## तीर्थयात्रियों के लिए कुछ और सुविधाएं



रेलवे ने यात्रियों को रास्ता ढूंढने में मदद करने के लिए कुछ नई व्यवस्था बनाई है। स्टेशन पर अलग-अलग हिस्सों को अलग-अलग रंगों से चिह्नित किया गया है, ताकि यात्री आसानी से जान सकें कि उन्हें किस तरफ जाना है। टिकटों पर भी रंगों का उपयोग किया गया है, ताकि यात्रियों को यह समझने में मदद मिले कि उनकी ट्रेन कहां से चलेगी या किस प्लेटफॉर्म पर जाएगी। पांव संकेतक, जमीन पर बने होते हैं। ये यात्रियों को सही दिशा में जाने के लिए मार्गदर्शन कराने का काम करते हैं। रेलवे स्टेशन पर यह उन्नत सुविधा तीर्थयात्रा के अनुभव का आनंद बढ़ा देता है। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसके अनुकूल सारी सुविधाएं मिलती हैं।

## ठहरने की आरामदायक सुविधा

कुंभ में रोजाना लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की संभावना को देखते हुए व्यापक पैमाने पर उनके लिए ठहरने और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना आसान नहीं है। लेकिन भारतीय रेल ने इस चुनौती को स्वीकार किया। 17 नए यात्री आश्रय गृहों का निर्माण किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन की क्षमता1,25,000 से अधिक यात्रियों के संभालने की है। पहले यह क्षमता मात्र 21,000 यात्रियों के लिए थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लैटफॉर्म के निर्माण किए गए और अब बढ़कर इसकी संख्या 48 हो गई है। तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर गंतव्य सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, शिशु-पोषण जोन और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों की आवश्यकताएं पूरी कर रही हैं। राज्य सरकार ने खुसरो बाग को एक आवासीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें एक लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के ठहरने की सुविधा है। रेलवे द्वारा उपलब्ध कराए गए स्थान पर इस्कॉन की तरफ से आयोजित निःशुल्क भंडारा भी काफी सहायक सिद्ध हो रहा है। इसके अलावा, निर्बाध आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च मांग के बावजूद सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

## आरामदायक एवं सुलभ सुविधाएं

भारतीय रेल ने महाकुंभ 2025 का अनुभव सभी के लिए आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ सहायता बूथ और सामान ट्रॉलियां मुहैया कराना तीर्थयात्रियों जरूरी आवश्यकताएं पूरी करते हैं। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को विशेष रूप से सुगम और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुसज्जित किया गया है। सरकार के 'सुगम्य भारत मिशन' के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई है। ये उपाय समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक हर कोई इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

## महाकुंभ की यात्रा के लिए अद्वितीय साधन



परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बनाया है जो उत्थान और आरामदायक के साथ ही आधुनिक भी है। रेलवे तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ ही, महाकुंभ के अनुभव को अद्वितीय बनाने में अभिन्न भूमिका निभा रहा है। भारतीय रेल महाकुंभ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से धार्मिक आयोजनों में आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है, जिसमें प्रचालन के साथ ही आतिथ्य और देखभाल के साथ सद्भावना का भी संयोजन है।

# पेज एक का शेष

## उत्तराखंड में ...

नियमावली के अनुसार, सब रजिस्ट्रार का कर्तव्य होगा कि वह सामान्य तौर पर 15 दिन और तत्काल में तीन दिन के भीतर सभी दस्तावेजों और सूचना की जांच करें। आवेदक से स्पष्टीकरण मांगते हुए निर्णय लें और समय पर आवेदन न देने या नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाने के साथ ही पुलिस को सूचना दें। साथ ही विवाह जानकारी सत्यापित नहीं होने पर इसकी सूचना माता- पिता या अभिभावकों को दें। यूसीसी में विवाह पंजीकरण के संबंध में व्यवस्था की गई है कि 26 मार्च 2010, से संहिता लागू होने की तिथि के मध्य हुए विवाह का पंजीकरण अगले छह महीने में करवाना होगा। इसी तरह, संहिता लागू होने के बाद होने वाले विवाह का पंजीकरण विवाह तिथि से 60 दिन के भीतर कराना होगा। इसके साथ ही, आवेदकों के अधिकार भी यूसीसी में स्पष्ट किए गए हैं। जिसके अंतर्गत, यदि सब रजिस्ट्रार अथवा रजिस्ट्रार समय पर कार्रवाई नहीं करता है तो ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। सब रजिस्ट्रार के अस्वीकृति आदेश के खिलाफ 30 दिन के भीतर रजिस्ट्रार के पास अपील की जा सकती है। रजिस्ट्रार के अस्वीकृति आदेश के खिलाफ 30 दिन के भीतर रजिस्ट्रार जनरल के पास अपील की जा सकती है। यह अपील ऑनलाइन पोर्टल या ऐप के माध्यम से दायर हो सकेंगी। समान नागरिक संहिता में लिव इन रिलेशनशिप संबंधित भी व्यवस्था की गई है जिसके अंतर्गत, संहिता लागू होने से पहले से स्थापित लिव इन रिलेशनशिप का, संहिता लागू होने की तिथि से एक महीने के भीतर पंजीकरण कराना होगा। जबकि संहिता लागू होने के बाद स्थापित लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण, लिव इन रिलेशनशिप में प्रवेश की तिथि से एक महीने के भीतर पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा, लिव इन समाप्ति के लिए एक या दोनों साथी आनलाइन या ऑफलाइन तरीके से लिव इन समाप्त करने को आवेदन कर सकते हैं। यदि एक ही साथी आवेदन करता है तो रजिस्ट्रार दूसरे की पुष्टि के आधार पर ही इसे स्वीकार करेगा। व्यवस्था की गई है कि यदि लिव इन से महिला गर्भवती हो जाती है तो रजिस्ट्रार को अनिवार्य तौर पर सूचना देनी होगी। बच्चे के जन्म के 30 दिन के भीतर इसे अपडेट करना होगा। लागू नियमावली में विवाह विच्छेद के लिए तलाक या विवाह शून्यता के लिए आवेदन करते समय, विवाह पंजीकरण, तलाक या विवाह शून्यता की डिक्री का विवरण अदालत केस नंबर, अंतिम आदेश की तिथि, बच्चों का विवरण कोर्ट के अंतिम आदेश की कॉपी दाखिल करना होगी। जबकि वसीयत आधारित उत्तराधिकार के लिए तीन तरह से वसीयत हो सकेगी। जो पोर्टल पर फार्म भर, हस्तलिखित या टाइप्ड वसीयत अपलोड करके या तीन मिनट की विडियो में वसीयत बोलकर अपलोड की जा सकेगी।

## रामलला का...

पहुंचे थे। इस प्रकार 1 करोड़ 21,54,489 की वृद्धि हुई है। प्रयागराज में वर्ष 2024 में 5 करोड़ 12 लाख 62806 पर्यटक आए, जबकि वर्ष 2023 में 5 करोड़ 671622 पर्यटक पहुंचे थे। इस प्रकार 591,184 पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई। विदेशी पर्यटकों के आगमन में वर्ष 2024 में आगरा शीर्ष स्थान पर रहा। यहां कुल 1 करोड़ 77 लाख 75 561 पर्यटक आए। इनमें 14 लाख 65,814 विदेशी पर्यटक थे। वाराणसी में कुल 11 करोड़ 97743 श्रद्धालु आए, जिसमें 309932 पर्यटक विदेशी थे। इसी प्रकार कुशीनगर में कुल 22 लाख 42913 पर्यटक आए, जिसमें 2 लाख 51,251 विदेशी पर्यटक शामिल थे। कृष्ण नगरी मथुरा में वर्ष 2024 में कुल 9 करोड़ 81788 श्रद्धालु आए, जिसमें 1 लाख 36 हजार 79 विदेशी पर्यटक थे। अयोध्या में कुल 16 करोड़ 44 लाख 19,522 श्रद्धालु पहुंचे, जिसमें 26,048 विदेशी पर्यटक थे।

## 'एक देश, एक चुनाव...

उन्होंने कहा, देश में वन नेशन वन इलेक्शन (एक देश, एक चुनाव) के मुद्दे पर बहस चल रही है, लोग अपने अपने विचार रख रहे हैं। भारत के युवाओं से मैं आग्रह करता हूं कि आप जहां भी हों, इस डिबेट को आगे बढ़ाएं और बड़ी मात्रा में इस डिबेट में हिस्सा लें क्योंकि ये आपके भविष्य से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि उसकी सरकार ने पिछले 10 वर्ष में युवाओं और देश की प्रगति की राह की बहुत सी बाधाओं को हटाया है जिससे उनका समर्थ बढ़ा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की आजादी के बाद लागू गणतांत्रिक व्यवस्था की अब तक की 75 वर्ष की यात्रा में देश के ह्लसंविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी, नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तरह एनसीसी ने भी भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया है। श्री मोदी ने शिविर में शामिल कैडेटों के मध्यम से देश की युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा, आप 21वीं सदी में भारत के विकास को, दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक समजा की शक्ति हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है। इस अमृतकाल में हमें अपना एक ही लक्ष्य रखना है- विकसित भारत। हमारे हर निर्णय की कसौटी, हर हर कार्य की कसौटी विकसित भारत ही होनी चाहिए।




# रेलयात्री कृपया ध्यान दें!



# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

कुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

## 28.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या छावनी, अयोध्या, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जफराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी, एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कुड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जाफराबाद जं., मड़ियाहूं, जंघई जं एवं फूलपुर स्टेशन |
| 04292 | लखनऊ | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलालगंज, बछरावा, राय बरेली जं., ऊंचाहार जं., परियावां काला कांकर रोड, गढी माणिकपुर, लालगोपाल गंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04220 | अयोध्या धाम जं. | 07:10 | फाफामऊ जं. | 12:00 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कुड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं. एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04224 | अयोध्या छावनी | 12:20 | प्रयाग जं. | 17:10 | भरतकुंड, कुड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04226 | अयोध्या धाम जं. | 13:20 | प्रयाग जं. | 19:00 | अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कुड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं. एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04272 | जौनपुर जं. | 10:30 | प्रयाग जं. | 14:40 | जाफराबाद जं., मड़ियाहूं, जंघई जं., फूलपुर एवं फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04294 | लखनऊ | 19:30 | फाफामऊ जं. | 00:45 | उतरहटिया, मोहनलालगंज, बछरावां, रायबरेली जंक्शन, ऊंचाहार जंक्शन, परियावां काला कांकर रोड, गढ़ी मानिकपुर एवं लालगोपालगंज स्टेशन स्टेशन |
| 05175 | गोरखपुर जं. | 22:30 | प्रयागराज रामबाग | 07:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी स्टेशन |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर जं. | 21:05 | |
| 05177 | गोरखपुर जं. | 15:00 | झूँसी | 01:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05183 | गोरखपुर जं. | 06:00 | झूँसी | 14:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर जं. | 03:00 | |
| 05185 | गोरखपुर जं. | 20:30 | प्रयागराज रामबाग | 05:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | |
| 05187 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी | 02:45 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर जं. | 16:00 | |
| 05193 | गोरखपुर जं. | 23:30 | झूँसी | 08:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05194 | झूँसी | 11:00 | गोरखपुर जं. | 21:00 | |
| 05157 | छपरा | 12:30 | झूँसी | 20:40 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05129 | छपरा | 18:30 | झूँसी | 02:25 | |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागाँव, करीमुद्दीनपुर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05119 | मऊ जं. | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | पनियारा, पिपरी डीह, नईकडीह, दुल्लाहपुर, जाखानियां, हुरमुजपुर हाल्ट., सादात, माहपुर, औंड़िहार जंक्शन, सिधौना रामपुर हाल्ट, राजवारी, कादीपुर, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, भुलनपुर, हरदत्तपुर, राजा तालाब, बहेरवा हाल्ट, निगतपुर, काछवा रोड, कटका, माधोसिंह, अहिमानपुर, अलमाव, ज्ञानपुर रोड, सराय जगदीश, जंगीगंज, अतरौरा, भीटी, हंडिया खास, सईदाबाद एवं रामनाथपुर स्टेशन |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ जं. | 03:45 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी | 05:20 | सिधारी हॉल्ट, साथियों, मुहम्मदाबाद, खुराहट, पालीगढ़, मऊ जं., पनियारा, पिपरी डीह, नईकडीह, दुल्लाहपुर, जाखानियां, हुरमुजपुर हाल्ट., सादात, माहपुर, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05102 | झूँसी | 08:40 | आजमगढ़ | 16:30 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी | 03:30 | पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथारा रोड, गोबिंदपुर डुगली, किरीहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जाखानियां, सादात, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी जं. | 07:45 | |
| 05161 | भटनी जं. | 09:55 | झूँसी | 16:10 | पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथारा रोड, गोबिंदपुर डुगली, किरीहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जाखानियां, सादात, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | |
| 05311 | झूँसी | 15:00 | काठगोदाम | 13:55 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जंक्शन, लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन |
| 05313 | झूँसी | 19:45 | कासगंज | 18:00 | बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर जंक्शन, लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत, भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली, बदायूं, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन |
| 05181 | गोमती नगर | 03:30 | झूँसी | 21:15 | बाराबंकी जं., बुढ़वल जं., जरवाल रोड, गोंडा जं., बलरामपुर, तुलसीपुर, बरहनी, शोहरतगढ़, सिद्धार्थ नगर, उसका बाजार, आनंद नगर, पेपेगंज, नाकहा जंगल, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |

## 29.01.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या छावनी, अयोध्या, गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., जफराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी, एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04223 | प्रयाग जं. | 11:55 | अयोध्या छावनी | 17:10 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ अइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कुड़ेभार, खजुरहट, भरतकुंड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या छावनी | 01:55 | |
| 04271 | प्रयाग जं. | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | फाफामऊ जं., थारवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरया राम, जंघई जं., मड़ियाहुं, जाफराबाद जं. एवं जौनपुर जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अतरामपुर, राम चौरा रोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुंडा हरनामगंज, गढी माणिकपुर, परियावां काला कांकर रोड, अरखा, ऊंचाहार जं., लक्ष्मणपुर, दरियापुर, राय बरेली जं., गंगागंज, हरचंदपुर, कुनियनगंज, बछरावा, श्रीराजनगर, निगोहा, कनकहा, मोहनलालगंज एवं उतरहटिया स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ अइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कुड़ेभार, खजुरहट, भरतकुंड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट स्टेशन |
| 04221 | फाफामऊ जं. | 10:40 | अयोध्या छावनी | 15:50 | सेवाइत, मऊ अइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कुड़ेभार, खजुरहट, भरतकुंड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या छावनी | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ अइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कुड़ेभार, खजुरहट, भरतकुंड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट स्टेशन |
| 04227 | फाफामऊ जं. | 18:45 | अयोध्या छावनी | 23:35 | सेवाइत, मऊ अइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर, कुड़ेभार, खजुरहट, भरतकुंड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04231 | फाफामऊ जं. | 22:10 | अयोध्या छावनी | 02:45 | |
| 04273 | प्रयाग जं. | 21:40 | जौनपुर जं. | 01:30 | फाफामऊ जं., थारवई, सराय चण्डी, उग्रसेनपुर, बरया राम, जंघई जं., मड़ियाहुं एवं जाफराबाद जं. स्टेशन |
| 04291 | फाफामऊ जं. | 12:30 | लखनऊ | 19:50 | अतरामपुर, राम चौरा रोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुंडा हरनामगंज, गढी माणिकपुर, परियावां काला कांकर रोड, अरखा, ऊंचाहार जं., लक्ष्मणपुर, दरियापुर, राय बरेली जं., गंगागंज, हरचंदपुर, बछरावा, श्रीराजनगर, निगोहा, कनकहा, मोहनलालगंज एवं उतरहटिया स्टेशन |
| 05175 | गोरखपुर जं. | 22:30 | प्रयागराज रामबाग | 07:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी स्टेशन |
| 05176 | प्रयागराज रामबाग | 11:45 | गोरखपुर जं. | 21:05 | |
| 05178 | झूँसी | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05179 | गोरखपुर जं. | 10:30 | झूँसी | 19:50 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05180 | झूँसी | 23:00 | गोरखपुर जं. | 08:30 | |
| 05183 | गोरखपुर जं. | 06:00 | झूँसी | 14:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05184 | झूँसी | 17:30 | गोरखपुर जं. | 03:00 | |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05187 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी | 02:45 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05188 | झूँसी | 06:30 | गोरखपुर जं. | 16:00 | |
| 05193 | गोरखपुर जं. | 23:30 | झूँसी | 08:30 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथारा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05194 | झूँसी | 11:00 | गोरखपुर जं. | 21:00 | |
| 05127 | छपरा | 23:15 | झूँसी | 07:45 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागाँव, करीमुद्दीन नगर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05158 | झूँसी | 06:30 | छपरा | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जंक्शन, नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन नगर, चित बड़ागाँव, फेफना जं., बलिया, बाँसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | |
| 05125 | छपरा | 10:05 | प्रयागराज रामबाग | 18:35 | सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागाँव, करीमुद्दीन नगर, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, नंदगंज, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूसी स्टेशन |
| 05126 | प्रयागराज रामबाग | 21:55 | छपरा | 06:30 | |
| 05119 | मऊ जं. | 10:30 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | पनियारा, पिपरी डीह, नईकडीह, दुल्लाहपुर, जाखानियां, हुरमुजपुर हाल्ट., सादात, माहपुर, औंड़िहार जंक्शन, सिधौना रामपुर हाल्ट, राजवारी, कादीपुर, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, भुलनपुर, हरदत्तपुर, राजा तालाब, बहेरवा हाल्ट, निगतपुर, काछवा रोड, कटका, माधोसिंह, अहिमानपुर, अलमाव, ज्ञानपुर रोड, सराय जगदीश, जंगीगंज, अतरौरा, भीटी, हंडिया खास, सईदाबाद एवं रामनाथपुर स्टेशन |
| 05120 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | मऊ जं. | 03:45 | |
| 05101 | आजमगढ़ | 22:45 | झूँसी | 05:20 | सिधारी हॉल्ट, साथियों, मुहम्मदाबाद, खुराहट, पालीगढ़, मऊ जं., पनियारा, पिपरी डीह, नईकडीह, दुल्लाहपुर, जाखानियां, हुरमुजपुर हाल्ट., सादात, माहपुर, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05102 | झूँसी | 08:40 | आजमगढ़ | 16:30 | |
| 05159 | भटनी जं. | 21:00 | झूँसी | 03:30 | पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथारा रोड, गोबिंदपुर डुगली, किरीहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जाखानियां, सादात, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05160 | झूँसी | 23:25 | भटनी जं. | 07:45 | |
| 05161 | भटनी जं. | 09:55 | झूँसी | 16:10 | पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथारा रोड, गोबिंदपुर डुगली, किरीहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लाहपुर, जाखानियां, सादात, औंड़िहार जंक्शन, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

